इन वातनकों पुछि के तुं कहाकरेगो जो तुं तेरोकार्यकरि ॥ तोवीएमानैंनांहि हठपरचढि गयो ॥ पाछैं जानी जो ए कहे विना मानेगो नांहि ॥ सो वाको अतिहित विचारिकैं कहिवेलागी ॥ जो मेरो धनी कांधेपर चढायकैं यहां धरि गयोहैं ॥ तवकही जो तेरे धनीकोंएसीकहावातसूझी जो अपनीस्त्रीपराएपुरुषके पास करनआयो ॥ तव स्त्रीनैं कही जो तू येवातमति पुछे ॥ तव वा वनीयानेकही तुसवसांचीवातकहे ॥ तव वानैंकही जो देखि हमारेगुरुभाईचारि श्रीमहाप्रभुजीके सेवकआए हते ॥ सो हमारे घरमें सेरचून हतो ॥ सो अवमेंकहा करुं ॥ सो वहुतदुःखभयो ॥ तव तुमारीवातयादीआई ॥ जो तुमनित्यटोकते ॥ सो यहदेहगहेनैंधरि तुमारेसोंसामान लेगई ॥ सो तुमनैं एसोहमारोंउपकारकीयो हे जो एसी सो देह वनायकैंतुमारे अगारिधरे तोऊतुमारोरिणहमसोंऊतरेनांहि । एसोएतुमारोऊपकारहैं ॥ सो इतनोंजनतही घिघायकैं

चरणारविंदमेंगिरिपर्यो ॥ ओर रोयवेलाग्यो ॥ ओर-
कही जो तूं धन्यहे, ओर तुमारेपतिहुधन्यहे, ओर तु-
मारे मातापिताकोहुधन्यहे॥ सो जीनके कूलमें एसी
कन्याभइ ॥ ओर मोकोधिक्कारहें ओर मेरेजनमको
धिक्कारहे सो मेंनेतुमारे उपर दोषवुद्धिदेखी ॥ सो हा-
थजोरि ठाडोभयो ॥ ओर कही ॥ जो माताजी मेरी
भूलपरी अव क्षमाकरो॥तव वानेंकही॥एसोकायरक्यों-
होयहे ॥ तव वानें कही॥ जो में देह राखुंगोनांहि॥
मेंनेएसोअनुचित अपराधकीयो॥ तव वास्त्रीनेंधीरज-
वधायकेंकही ॥ जोतुं मोकोमतिकहे, मेरेपतिकेपास-
चलि, ऊनसोकही ॥ तेरोसवकारज वनिजायगो ॥
तव याकोधीरजआइ ॥ ओरकही ॥ जो माताजी
जेसेंतेरोपतिलायो तेसेंमेरेकंधापरचढि ॥ तव
वानेवहुतेरीनांहिकरी ॥ तोऊमानेनांहि पांव पकरि
लिए ओर रोवेहोरोवे॥ सो जेसेंपतिनेकंधापर चढाई
तेसेंही कंधापर चढायके कंमरऊढाय घरपोहोंचावन

आयो तव वह स्त्रीपुकारी ॥ जो तुम किंवारखोलो ॥ तव कृष्णदासजीनेमनमें जानी ॥ जो अवही केसें चलिआई ॥ सो कृष्णदासजीअपनी स्त्रीकोंदेखिके खिजीवेलागे ॥ तव स्त्रीनें कही जो मोसोंक्योंखोजोहों कहेनोहोय सो यावनियासोंकहो ॥ तव वनियातो सुनतहीगिरि पर्यो ॥ ओर वहुतही रोयो ॥ ओर भुंमिसों नाक घिसे ओर वेरवेर मेंकहे जो में तुमारो रोमरोमको अपरोधीहों ॥ तव कृष्णदासकों देखिकें दया आई, सो विचारी, जो अव याको कार्य प्रभुननेंसिद्ध करनो विचार्योहैं ॥ तव कही ॥जो अवतो यासमयरात्रहे सो अवतो घरजाओ॥ सवारें आयमिलियो ॥ तव वनियाने विनती करी ॥ जो आपप्रसन्नता सोंघरपठावो तो घरजाऊं॥ नातर तूमारे द्वारपरपर्योरहुंगो ॥ मोकोंतो तुम विना त्रिलोमें ठिकानोंनँाहिहे ॥ फेरि कृष्णदासजीने वाको वहूत भांति समाधान करि घरपठायो॥सो घरतोचल्यो ॥ परन्तु

वेरवेरमें याकेमनमें एसी ऊठी भीतरसों हिलोर जो मेरोअपराधक्षमा करि अपनोदासकरें ॥ एसें विचारत विचारत घरपोहोंच्यो ॥ सो रात्रमें नींदपरी नाँहि ॥ स्त्रीपुरुषदोऊनकोविचारत ॥ फेरि जेसेंतेसेंसवेरोभयो ॥ सो नइवुहारिवांधिकें ऊनकेघर वुहारि करिवेलाग्यो तव कृष्णदासजी देखें तो वुहारि करी रह्योहें ॥ तव कृपाकरि भीतर वुलायकें वेठायो ॥ ओर कही जों वुहारी पीछेंकरियो ॥ यहाँवेठिजा सो स्त्रीपुरुषसेवामें न्हाए ॥ श्रीठाकोरजीकों जगाय मंगल भोग धरे॥ मंगला भोगसराय वावनियाको श्रीठाकुरजीके दर्शन करवाए॥ सो दर्शन करिकें कृत्यकृत्यहे गयो ॥ फेरि विनती करी ॥ जोमोकों अपनोदास करिकें टहलमें राखो ॥ तव कही॥ जो तुमारे हमारे स्वामी श्रीमहाप्रभुजीहें ॥ सोकछूदिनमें आप पधारेंगें॥ तुमकोंसेवककरावेंगें॥ तव तुमारोशरीर चित्तसेवा योग्यहोयगो ॥ तव कृष्णदासजीनें धीरज वधाईकें विश्वासराखि,

जो प्रभु तुमारो कार्यसवसिद्धि करेंगे ॥ एसें समाधान करिकें घर पठायो ॥ तादीनसो वहवनीया नित्य इनके घर आवे ॥ सो नित्यदीनता वीनतीकरे ॥ जो मोकों आपके दर्शन करावो ॥ सो भक्त आर्तिदूरि करिवेको आपकोनामहैं ॥ सो नामप्रसिद्धि करिवेको फलदेवेकों ईच्छा विचारी ॥ तव कछूकदिनमें आप अडेलसोविजय कीए ॥ सोतव कृष्णदासजीके गाममें पधारे ॥ सो वधैयाने कृष्णदासजीको वधाई दीनी तव कृष्णदासजी सुनिके वाहीसमय वस्त्रपहेरिकें वानीयाके पास गए ॥ जायके कही ॥ जो चलो श्रीमहाप्रभुजी पधारे हैं ॥ वधैयाआयोहे सो वनीयासुनतही वस्त्र पहेरिकें दुकान वंद करवायके मेलके दसवीस वनीयानकोसंगलेकें श्रीफलभेट लेके कृष्णदासजीकेसंग चल्यो ओर सवसंगवारेनसोकही जो अपनी

॥ ओरवे वनीया तो वहूत दीनता करी चरणारविंदमें गिरिपर्यो ॥ सो आँसूनकी धारा नेत्रमेंसोंचले ॥ ओर वेरवेर दंडवत् करे ॥ तव आपने हँसीकें कृष्णदासजी-सोंपूछी ॥ जो ए कोनहे ॥ तव कृष्णदासजीने वाव-नीयाकीसवव्यिवस्थाकही ॥ ओर वीनती करी ॥ जो राज इनकोंनामसुनावो ॥ तव आपकृपा करिकें नाम सुनाए ॥ ओर केतेकदैवी जीवहते सो शरणआए ॥ तव आप वावनीयाको नाम ज्ञानचंद धरे॥फेरि आ-पकों गावतेवजावते गाममें पधरायलाए॥ सो वनीया-तो दर्शनकरतेही परमकृतार्थहे गयो ॥ सो वार वार कृष्णदासजीकीस्त्रीको वडाई करे॥जो धन्यमाताजी धन्यमाताजी ॥ सो वानें वा समय एकदोहाकह्यो॥

हीन दीन साधन रहित, पायो पद निर्वाण॥
श्री वल्लभके वाजिके, वाजत गए निजान॥

फेरि वा वनीयाकों आपने नीवेदन करायो ॥सो जि-तने दिन आप वा गाममें विराजे सो तीतने दिन त-

पेलीकोखर्च तथा ओरहुंअनपर्यंत सब वावनीयानें पहों-
चायो ओर बहुत सो द्रव्य भेट कीयो ॥ ओर कीत-
नेक जीव शरण आए॥ फेरि अगारी आप श्रीद्वारि-
कांजी पधारे ॥ फेरि वह वनीया ओर कृष्णदासजी
आपके संग एक मजलतांई पधरावनगए॥ फेरि उनको
इच्छा एसी हती ॥ जो द्वारिकांताइजाय ॥ तब आपनें
नांहिकरी ॥ सो रुकिगए ॥ फेरि आपने दोऊनकोवि-
दाकीयो॥सो यासमय चरणाविंदकोविरह दोऊनको
कह्यो नांहिजाय ॥ जेसेंतेसें विदाहोयकें घर आए ॥
ओर वनीया अपनी दुकानको काम सब दोनमें करे॥
रात्रमें कृष्णदासजीको सतसंग करे॥ सो नित्य आपके
स्वरुपकी लीला वार्ता सब पूछे॥ सो कृष्णदासजी कृपा
करिकें नित्यवाको कथामृत प्यावे ॥ वचनामृतसों
प्रेमाँच होय रोमाँच होय आवे ॥ सो शरीरको सुधि
रहे नांहि ॥ कृष्णदासजीनें एसी कृपा करो ॥ सो
वनोया पूर्ण भगवदोय होय गयो॥ओर नित्यविनती

करे ॥ जो सामान चहिए सो लाऊं जो ईतनो संकोच क्यों करोहों ॥ जो मोकों अपनो जानो ॥ मेरो अँगिकार करो ॥ तब कृष्णदासजीने कही ॥ जो नित्यको कामतो हमारो चल्यो जाय हैं ॥ जा दीन कोई वैष्णव आवेगें ॥ तादीन तुमारी सत्ता अँगिकार होयगी ॥ सो वनीया कृष्णदासजीके कृपा भावमें जहाँ ताँई जीयो ॥ तहाँ ताँई नित्य आयो ॥ तातें संग करनो तो भगवदी वैष्णवको करनो ॥ जो पूरण होय तो ओर कोपूरण करि देय तातें भगवदीनके संगको एसो महान् फलहें ॥ सो प्रभु परम कृपा करे तब भगवदीयनको संग मिले ॥ तातें साधारण वनीयाहतो सो ताकोतादृशफल कृष्णदासजीनें दिखायो ॥ तातें कृष्णदासजी, इनकीस्त्री तथा वनीयाकी वार्ता अपारहे ॥ सो कछूकआपकी कृपासों भावप्रकाशलिख्योहे सो ईनकी वार्ता कहाँताँइ लिखिए ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्री आचार्यजी महाप्रभुनके सेवक श्यामदास सुतारकी वार्ताको भाव

श्यामदास सूतारके पिताके संतति न हती ॥ सो वे मकरके महिनामें त्रवेणी स्नान करते ओर पूजा करते ॥ सो ऊहाँ रात्रमें सोए ॥ सो आज्ञा भइ जो तुम आजपीछें हर्यो व्रक्षमति काटियो ॥ जो कोऊ सूखो व्रक्ष मिले तासों निर्वाह करियो ॥ ओर तुमारे गाममें श्रीयमुनाजी विराजेहैं तिनको पूजन नित्य करियो ॥ तातें तुमारे भगवदीय पुत्र होयगो ॥ यह आज्ञा भइ ॥ पाछें इननें अपने घर आयकें जन्मताँइ हर्यो व्रक्षनहीं काट्यो ॥ ओर श्रीयमुनाजीको पूजन करन लाग्यो ॥ तापाछें थोरेसे दीनमें श्यामदासजीको, जन्म भयो ॥ सो जन्मतहीं रोयोनाँहि बहूतहस्यो ॥ मातापिता ओर ज्ञातिके लोगननेंदेखिकें वडो आश्चर्य मान्यो ॥ सो इनकों वाहीसमय श्रीईल्लंमागारुजीकी गोदमें खेलेहैं एसो श्रीमहाप्रभुजीको दर्शन होयवे-

लाग्यो ॥ सो श्रीमहाप्रभुजीके प्रागटयके छेमहीना पीछें श्यामदासजीको जन्म भयो ॥ सो आपकेदर्शन करत जाय ओर हसत जाय ॥ फेरि वे वडेभये ॥ सो कोइकोइ दीन श्रीमहाप्रभुजीको दर्शन होय ॥ सो ताहीसमयप्राण हरेहेआवे ॥ जो श्यामदासजी केव-लस्नेहके पूतला प्रगटभए ॥ सो आपके स्वरुपमें बा-लपनेंसोंही संपूर्ण सर्वात्म भाव सिद्धिहे गयो हे ॥ नींदमें सोवे ओर जाने जो आप पधारेहें ॥ सो आप कृपा करिकें स्नेह रीतीसों दर्शन देते ॥ सो यह श्याम-दासजीसों कोई सकामसों स्नेह भयों नाँहि ॥ जो एंतो केवल सहज स्नेहो हे ॥ जो श्री महाप्रभुजीके जो स्नेहहें अलौकिक सो वा स्नेहकों विलसिवेकी इच्छा भई सोई स्नेहको अवतार श्यामदासजी भए ॥ सो एसें भगवदीयके कारणसोंही आपनें अडेलकों सनाथ करी ॥ तादीनसों श्रीईल्लंमागारुजी तथा आप अडेल वास कीयो ॥ श्यामदासजीकों दर्शन करतें

स्वरूपासक्ति हेगई ॥ सकुटुंव शरण आए ॥ सों एतो जादीनसो आपको दर्शन भयो, सो तादीनसों लौकिककार्य सव छोडि दीयो ॥ सो जा समय आपजागे ॥ ता समय दर्शनकों आवे ॥ सो दर्शन करते करतें एकटकर्व्हेजाय ऊहाँसोंहटेनाँहि ॥ ओर आपहूंक्षन क्षनकों मंदहास्यपूर्वक चितवे ॥ सो रोंमरोंम रससों भरि जाय ॥ सो आपको लावण्यामृत, हास्यामृत, अधरामृत, तीन्योंनको यह पान करिकरिकैं आपमय होय जाय ॥ फेरि देहकी सुधिहु रहे नाँहि ॥ एसें नित्यप्रति दोऊआदीसों एकरस होय रहेहैं ॥ सो इनके घरके उद्यम विना दुःख पायवेलगें ॥ ओर एतो आपको द्वार छोडे नाँहि ॥ जो आपके दर्शन होई तहाँताइतो एकटकर्व्हेजाय ॥ ओर जव आपकी पोरिकैं किवाँर लगी जाय ॥ तवऊहाँई निरास प्राणकीनाईं परिजाय॥फेरि ऊनके घरकेलोग आवे॥सोंघरलेजाय ॥ सो ऊनको घरमें कहा ठीक चित्त लगे ॥ जो वैष्णव

सब ऊनको ठीक राखे ॥ ओर रजोबाई इनको वहूत सन्मान करे ॥ भुख प्यासको वहूत खबरि राखे ॥ फेरि इनके घरके आयकें श्रीईछंमागारुजीसों वहूत वीनती करें ॥ जो महाराज मेरो लरकाहे सो रात्रदीन-आपके पुत्रको दर्शन कर्योंही करेहें ॥ जो हमारे घरमें ऊद्यमनहीं करेहें ॥ ओर ऊनको लरिकीव्याहीहें ॥ सीं वहूत दुःखपावेहें ॥ सो महाराज आप अपने पुत्रसों कहो तो समझायकें घर पठावें ॥ तब हमारीगृहस्ताई चले ॥ तब श्रीईछंमागारुजीनें इनकी सब वात सम-झायकें कही तब श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी ॥ जो हम वाकों बुलावन तो जाय नांहि ॥ ओर दर्शनको आवें सो ताको वंदोवस्त तुम करो ॥ फेरि श्रीईछंमा गारुजीनें सब वैष्णवनसों कही जो वाकों समझाय देउ ॥ जो दर्शनकरिकें चल्यो जाय ॥ यहाँ रहे नाँहि ॥ तब वैष्णवननें आपसों विनती करी ॥ जो याके घरकेनमें यामेंचवाउ होय रह्योहें ॥ सो हमारी तो

वेमानें नहीहें॥ तासों आप वचनामृतसों आज्ञा करो तो वह मानेगो॥ तब आपने आज्ञा करी॥ जो इनकों हमारे पास भीतर बुलाय लावो॥ सों आपने सन्मुख बेठायकें आपने वाकी आसक्ति अँगिकार करी॥ तब आपने वासों आज्ञा करो॥ जो तूं घरजा॥ अब तेरे घर हम पधारेंगे तोकों उहाँइ दर्शन देइगें॥ एवचनामृत सुनीकें वाही समय अपने घरकों गयो॥ सो घरमें चित्त तो वाको लगे नाँहि॥ जो कछुकोकछु करिवे लगि जाय जो चित्ततो आपके स्वरुपके पासहें ओर देह घरमें आय पर्योहें॥ सो घरकेननेंयही हरख मान्यो जो घरमें आयो तो सही जोओर कछू मति करी॥ हमारे घरमें रहे आवे तो सब भरि पाँवेगें॥ ओर सब वैष्णव घरकी ठीक राखे॥ ओर श्रीमहाप्रभुजी इनके घर पधारें॥ सो जेसेंपहेलें आपके दर्शन यह करतो सो तेसें अब आप इनकों देखिवेलगिगए सो दोमुहूर्त्ततॉई आप इनके घरमें विराजे रहें॥

सो एसें परस्पर आसक्ति दिखाई ॥ एसें आप नित्य ऊहाँ जाये विना चले नाँहि॥जो घर पधारें सो आप-वाकों क्षन क्षन सुमिरण कीयो करें ॥ ओर वैष्णव-वनकों पठावें जो देखो श्यामदास कहा करेहैं ॥ एसें वेरवेरमें खवरि मँगावें यह बात श्रीईल्लंमागारुजीकों असह्य लागें जो आपकों एसें नाँहि चाहिए ॥ जो आप इनके घर वेरवेर पधारो हो ॥ सो तव आपने श्री-ईल्लंमागारुजीसों कह्यो ॥ जो अवएसें करेंगे नाँहि ॥ सो आपने मैयाको आज्ञासों ईतनो कारण मान्यो ॥ जो एकदीन आपवाके घर पधारें ॥ एकदीन आपके यहां वह रह्यो आवे॥एसें उलटापलटी होय वेलागो॥ एक दीन आपनें एकांतमें वुलायो॥ओर आपने विचा-री॥जो अवयहरीतिहैं रस संवंधी॥सो यासेंलोकचवा-ऊहें ॥ सो न राखनी ॥ सो आपवाकों एकातमें वु-लायके आपआपनेनीज अधरामृत अपने मुखमेंसों वा-केमुखमेंप्यायदीए।सो वाद्वाराकेवलआपकोरसरुपस्व-

रुप वाकेहृदयमेंजायविराज्यो॥ सो वाहिरकोआसक्ति अंतरस्वरुपमेंहेगई॥ सो वाहीसमयआज्ञाकोनी॥ जो तेने मेरे चरणारविंदमेंआसक्तिकीनी॥ सो मेनें तुमकों महान् फलकोदाँनदोयो॥ जो अवहमतोकोंआज्ञा-करे॥ सो तारीतिसोंचल्योकरि॥ जो मेनेतुमकोंदा-नदोयो॥ सो आजताँई याकालमेंदीयोनाँहि॥ पहेले यह दाँन व्रजभक्तनकों दीयो॥ एवचनामृतसुनीकें रोंमरोंमसें परमानंद भरिगयो॥ फेरि आपनेंश्रीमुख-सोंआज्ञाकरी॥ जो तुं मेरे स्नेहकोअवतारहे॥ सो यह प्रसंगको अनुभव श्रीदामोदरदासजीको, श्रीअं-काजीकों, रजोकों तीन्योंजनेनकोभयो॥ सो श्री-गुसाँईजीने सर्वोत्तमजीमें इनको नाम लिख्योहें "दास दासीप्रियः पतिः" सो प्रसंग यहाँ साक्षात् प्रगटकरिदीखायो॥ सो ईनचारोनकों एकभावको-वर्णनहें॥ जो श्रीमहाप्रभुजीकीसहचरी रजोही॥ श्री-[illegible]मोदरदासजीकी सहचरी श्यामदास॥ विशेपखो-

लिकें रसकी वात लिखिनजाय ॥ सो यावातकेरसी-याजोहोयँगे ॥सोजानीजायँगे ॥ तादीनसों श्याम-दासजी जेसें ओर वैष्णवचरणपरस करिजाते तेसें येहूँ चरणपरस करी जाते॥ओर ग्रहको कार्य करिवे लागे॥ सो ग्रहको कारज कहा जो वैष्णवनकी सेवा संवंधी टहल जेकोई पट्टा, चोकी, सिज्या, पलना, हिंडोरा, ए सिद्धि करी देय ॥ ओर काहुसों अपनी मेहेनत-लेयनाँहीं ॥ ओर ता दीनसें रजोवाई प्रसाद अपने घरलीवावती ॥ ओर याके घरको सव वैष्णव संभार राखते॥ जो आपके विराजीवेकोपट्टा[1] आपके चरणा-रविंदकीखडाउं अवताँई विद्यमानदर्शनदेयहें ॥आप-की सिज्या, हिंडोराखाट, श्यामदासजीके हाथकी सो तापर आप पोढते ॥ तथा विराजते ॥ भीतर श्री-महालक्ष्मीजीके विराजिवेकोपट्टा, चोकी, भोजनके-पट्टा, वगेरे सव श्यामदासजीके हाथकें अँगिकारहोते

१. आश्यामदासजीनो वनावेलो पाटलो तथा खडाऊं-पादु-काजी ए श्रीजीद्वारमां विराजे छे.

॥ सो याको अँगिकारतो रात्रदीना चरणारविंदमें रह्यो आवे ॥ सो सिज्यारुप ए पट्टारुप॥ सो आपको ओर श्यामदासको संबंध कछू वर्ननमें नहीं आवे ॥ फेरिआपनें चोथेआश्रमकी ईच्छा विचारी ॥ सो काशी पधारे ॥जो उतमें तोआपको पधारनों ॥ईतमें ईनके प्राणनिकसोगए॥ सो आपको स्नेहात्मकस्वरुप श्या-दासजोहते ॥ सो आपके लीलात्मक स्वरुपमें प्राप्ति भए॥सो यहवात दोरिकें वैष्णवननें आपसों विनती करो ॥ सो आप सुनीकें एक मूहुर्तलों श्यामदास-जीके वियोगको स्वरुप दीखायो ॥ तव सव वैष्णव-नकों वडो पश्चाताप देखिकें जो हाय हमने श्याम-दासजोकोवात क्यों करो॥ पाछें एकमुहुर्तपाछें आपने वैष्णवनसें आज्ञा करी॥ जो उनकों एसी चहिए॥ जो उनविना हम नाँहि॥ हम विनावेनाँहि ॥ सो एसें वहुत प्रकारसों उनकी प्रशंसाकीनी ॥ ओर उनकों वनायोपट्टा तापरश्रीमहाप्रभुजी विराजे सो पट्टा ओर

खडाऊँ श्रीगुसाँइजीने न्यारोमंदिरकरीके पधराए ॥ सो आपकी परोक्ष दीशामें श्रीगुसाँइजीनें आपको स्वरुपकरि पट्टा ओर श्रीपादुकाजीको सेवनकीयो ॥ सो एसोसेवासंवंध श्यामदासजीको आपने अँगिकार कीयो ॥ तातें ए भगवदी नित्य आपके पास विराजे हें ॥ एसी एसी श्यामदासजीकी अनंत वार्ता हें ॥ सो लिखिवेमें आवे नाँहि ॥ सो कहाँताँई लिखिए ॥ ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्रीगुसाँइजीके सेवक वाघाजी रजपूत तिनकी वार्ताको भाव

एकवार श्रीगुसाँइजी परदेश पधारे हते ॥ सो वाघाजीके गामसें डेराभए ॥ सो ऊहाँके वैष्णव आपको गाँमतेंव्रजावते पधरायलाए ॥ सो वाघाजी राजद्वारतें आवत हते ॥ सो मारगमें आपके दर्शन भए ॥ आपकेसंग जहाँ आपके डेराहते, तहाँताँईगए ॥ ऊहाँजायकें हाथजोरिके दूरिठाडे भए ॥ भीतरसों

चित्त वहुत अकुलावे ॥ जो कोईरीतिसों आपके चरणारविंदके पास पोहोंचे ॥ सो आर्तिसाँचिहती ॥ सो वाघाजोकी आर्ति आपसेंासहो नगई ॥ वाहो समय आपनें एक वैष्णवसों आज्ञाकरी ॥ जो ए वाघाजो रजपूत यहाँ ठाडेहैं इनकों यहाँ लावो ॥ सो वाहोसमय वैष्णव वाघाजीपास गयो ॥ ओरकही जो वाघाजी रजपूत तुमहीहो ॥ सो सुनतेंही आनंद ऊमग्यो जो जामाकीतनीसवटूटोगई ढालतरवारके वंदआपहीढटिगए ॥ तव ए जायकें आपके चरणारविंदमेंगिरिपरे ॥ शरीरकी सुधि नरही ॥ फेरि आपने श्रीहस्त माँथेपर धरिकें सावधान कीयो नेत्रनमेंसें आँसूनकी धारावही जाय, मोंहोडेसेंावोलआवेनाँहि तव आपने श्रीमुखसों आज्ञा करी ॥ जो वाघाजी सावधान होयजाओ ॥ सो वचनामृत सुनीकें हृदय सीतलभयो ॥ ओर वीनती करी जो मोकों आपनो दासकरो ॥ सो वाही समय आपने नामसुनायो ॥

फेरिवीनतीकरी ॥ जो राजमेरीस्त्रीकों लेआउं ॥ तव आपने आज्ञा करी जो तूमनें सवारेसें कछूखायो नॉहि हे॥ तव दोऊननें कही॥जो महाराज सवारे-सेंजलपर्यंतलीयोनहीहें॥ तव आप कृपाकरिकें दोऊ-नकों निवेदन करवायो ॥ स्त्रीहूंपतिव्रताही सो ब्रह्म संवंधहोतेही दोऊनको अलौकिक बुद्धिह्वेगई ॥ फेरि विनती करी ॥ जो राज हमकों कहा आज्ञाहें ॥ तव आपनें आज्ञा करी जो तुम क्षत्रीनको खानपान करो नांहि तो तुमकों वैष्ण धर्म आज्ञाकरें ॥ तव दोऊनने वीनती करी जो पहेलें भई सो आजपाछे वा वस्तु-कोगध वीनलेईगें॥ तापाछें आपने आज्ञाकरी ॥ जो श्रीठाकुरजीकी सेवा दोऊ स्त्रीपुरुष मिलिकेंकरो ॥ वानें कहीजो राज मेरेंराजाको चाकरोहें सो ताको मेंगांमपाऊहूं ओर जमीनहें ॥ सो केसें करं

द्वारमें जायो करो ॥ राजभोगतुमारीस्त्रीधरेगी ॥ एक
दोय वैष्णवनकों नित्यमहाप्रसादलीवाईयो ॥ तासों
प्रभुसुखसों आरोगे ॥ पाछें एकदोयदीनमें आपतो
श्रीगोकुलपधारे ॥ फेरि स्त्रीपुरुषपरमप्रेमसों श्रीठाकु
रजीकी सेवा करनलागे ॥ सो नित्य नये दो वैष्णव
नकों प्रसादलीवावे ॥ जो वडे स्नेह सों घरमेंन्हवाव
पास अंगोठीधरे ॥ गरमीके दीननमें सीतल समय
प्रभुनको आरोगावते, वैष्णवनको लीवावते, पंखा
करते ॥ सो ईनके सेव्य श्रीठाकुरजी साक्षात् अनु
भवजतावते ॥ एक दीन वहू रसोई करतहती ॥ अ
वाघाजी शृंगार करतहते ॥ तासमय राजके यहाँ
चोपदार आयो ॥ सो कही जो राजाकी सवारी
तैयारीहे वेगेआईयो ॥ तव वाघाजी शृंगारकरी च
णपरसकरी वाहिर आये तव स्त्रीसोंकही जो वैष्ण
वेठोहे ॥ ताकों तेल लगाय, न्हवाय, अपरसपेहरा
महाप्रसादलीवाईयो ॥ जो में राजद्वारजातहों ॥

राजभोग तुम धरियो ॥ ईतनो कहीकें घोडासवार होयकें बाघाजी तो सवारीमें चले ॥ तापाछें स्त्रीनें राजभोग धर्यो ॥ बालभोगमें तवापुरी, शाक, सँधानो, दही कछूथोरोसोघी ईतनोधर्यो ॥ बाहिर आयकें रसोई पोतिवे लागी ॥ ओर तवापुरीकेसंग घीथोरोसोधर्यो ॥ सो श्री ठाकुरजीनें बाघाजीसो ऊहां सवारीमेंजताई ॥ जो तवापुरीकेसंग घीथोरोसो धर्योहे ॥ सो मेरो ता गरो खरखरायहें ॥ सो तूं आयके घीधरे तो में तवापुरीआरोगुं ॥ ईतनोसुनतही घोडा असवारीमेंसों निकासिकें घोडाभजायो ॥ सो वेगीघरआय पोहोच्यो ॥ घीकोवटेराधर्यो ॥ ओर मंदीरकोटेरासरकायो ॥ देखें तो श्री ठाकुरजीकेश्रीहस्तमें पुरीहे ओर आरोगे नॉहिहे ॥ सो ईनने झटवटेराघीको धर्यो ॥ वाही वटेरामें पूरीबोरिकें श्रीठाकुरजी आरोगिवे लागे ॥ सो ईतनों वासमय श्रीठाकुरजीकी वात्सल्यतामें कपडा पेहेरिवेको सुधि न रहो ॥ वै-

सैंही घोडापर चढि असवारीमें चलेगए ॥ सो ता समयवह वैष्णवबेठो हतो ॥ तानेंएसव वात देखी ॥ वाकेमनमें लौकिक दोष बुद्धि आई ॥ सो तव वाही समय अपने घर चल्यो गयो ॥ ओर जायकें अपनी स्त्रीसो कही ॥ जो मेरे आगें वाघाजी विनान्हाए जोडा पेहेरे घी धरिकें चल्योगयो ॥ एसें अनाचारमें अपनेसोतोप्रसाद लीयो न जाय ॥ जो आजतो मेनें आँखिनसो देख्यो ॥ जो सदाजाने केसे करते होयँगे ॥ सो मेंतो आज पाछें प्रसादईनकेघर न लेऊगो ॥ एसें कहि के घरमें प्रसाद लीयो ॥ ओर सोय रह्यो ॥ ता पाछे वाघाजीकी स्त्रीनें भोग सरायो ॥ सोतव आरती करी तारामंगल करी वाहिर आई ॥ देखेंतो वह वैष्णवनाँहिहे ॥ वाही समय वा वैष्णवके घरजाय दोरिकें पुकारो ॥ सोतव वानें अपनी स्त्रीसों भीतरसों कही जो तूँ इनको कहीदे जो वे यहाँ नाँहिहे ॥ वाहिर गएहें ॥ वाघाजीकी स्त्रीनें वहूतदीनता करी वी-

नतोकरी ॥ सो तोऊ वास्त्रीनें कछू जुवाव दीयो नाँहि ॥ तव वहूतहीं दुःखपायकें अपने घर आई ॥ आयकें गिरिपरी ॥ ओरकही ॥ जो राजद्वारतें वे आवेंगेतोमें कहाजुवाव देंऊगी ॥ आजप्रभुनने मेरी कहा जानें कहा विचारीहे ॥ जो एसी कवीन भई हे जो आज एसीक्यों भई ॥ जानें आजमेरे हाथसों प्रभु आरोगे हे के नाँहि ॥ सो न जानें आज मेरी सामग्रीमें चूकभई तथा अवारभई ॥ तासों वैष्णवभूखो चल्यो गयो ॥ वेरवेर छाती भरिभरि आवे ॥ ओर कछू ऊपाय चले नाँहि ॥ फेरि ऊत्थापनको समयभयो ॥ तव बाघा-जी राजद्वारतें आए ॥ पूछी जो तुमने वैष्णवनकों जिमायो ॥ तव कही जो वहवैष्णव विनापुछे अप-ने घरचल्योगयो ॥ में बुलायवे गई, वाकीस्त्रीनें कही, जो वेतोघरनाँहिहे ॥ में पीछीआई ॥ सो यह बात बाघाजी सुनीकें, जो आज तेंनें राजभोगमें तवा पु-रीमें घ्रतथोरो धर्यो ॥ तातें श्रीठाकुरजीनें में घोडा

पर चढिके जातहतो तहाँ मोकों जताई जो घी थोरोहे सो घी विनातवापुरी मेरेगरेमेंखरखरायहें ॥ सो में वाही समय घोडादाडायकें घरआयो ॥ शरीरकी सुधिकछू रहीनाँहि जो जोडापेहेरेंही घीकोवटेराधरिकें मंदीरकोटेरा सरकायकें देखें तो श्रीठाकुरजीके श्री हस्तमें तवापुरीहें ॥ ओर आरोगे नाँही हे ॥ सो में घीकोवटेराधरि टेरालगाय घोडापर सवार होयकें सवारीमें गयो ॥ तातें यहसव कृत तुमारोहें ॥ जो श्रीठाकुरजीकों ऊहाँ पधारनो पर्यो ॥ ओर वैष्णवहु भूख्यो गयो ॥ सो इतनों सुनतहीं ऊहाकी ऊहाँगिरिपरी ॥ जेसें प्राणनिकसीजाय ॥ सो तेसें मृत्युतूल्यहोय गई ॥ सो वाघाजी देखते रहिगए ॥ जो यह कहा कौतुक भयो ॥ फेरि जायकें हाथलगावें सो श्वासनाँहि ॥ त घवराए ॥ जो भइसोतोभई परी अव यह कहाभई ॥ सो दोयों आपको चरणामृतलायो ॥ आँखिनमें लगायो ॥ कंठमेंदीनों छातीमें लगायो ॥ ओर काय

परिकेंरोवनलागे ॥ जो हेप्रभु ! यह अपराध मोसों भारिपर्यो ॥ एसें अक्षर यास्त्रीकों सुनाए ॥ तातें एसो भई ॥ तातें एसोदुःखित हृदयकरि आपहुँ गिरिपरे ॥ अचेतव्हेगए ॥ दोउनकोखेद श्रीठाकुरजीसों सह्यो नाँहि गयो ॥ सो वाहीसमय स्त्रीकेप्राणमेंचेतआए ॥ तब देखेंतोपतिगिरिपर्योहे जेसेंतेसेंयानें पतिकोंवेठायो ॥ तब पतिको चेतभयो ॥ देखेंतो स्त्रीपासवेठोहे ॥ दोउ रुदनकरनलागें ॥ तब श्री ठाकुरजीने भीतरसों आज्ञाकरी जो तुमदुःखमतिकरो जो कालितुमारे यहां विनाबुलाए वहवैष्णव आवेगो ॥ तब इन दोउनने उठिकें महाप्रसादगेयनकोंदीनो ॥ आपने कछूनलीनो फेरि न्हाय सेन आरतीकरिकें श्रीठाकुरजीकोंपोढाय तारामंगलकरि कें फेरि सेनभोगहतो सो गैयनकोंदीनो

॥ तव आपन्हाए श्रीठाकुरजी जगाए ॥ तव कछू सामग्री करिकें भोगधरी ॥ सो श्रीठाकुरजीके दर्शन उदासीनतायुक्तभए ॥ सो दर्शनकरि चित्तवहूतदु:खी भयो ॥ फेरि राजभोगसों पोहोंची अनोसर कराय वाहिर आयो ॥ सोतव आयकें स्त्रीकों जगाई ॥ तव थोरोथोरो स्त्रीकोंचेतभयो ॥ तव हाथपकरिकें वेठाई ॥ जो उठि तोकुंकहाभयोहे॥ सो वह रोवेंही रोवें ॥ मुखसों कछू वोलनीकसे नाँहि ॥ जो तूँ कहितो सही जो तोको कहाभयोहे वास्त्रीनेकहो जो कालि-तुमप्रसादलेवेकों वाघाजीकेघरगयेहतेसो वाघाजीकी ऊपरकोक्रियादेखिकें विनाप्रसादलीएचलेआयेसो वा-घाजीकों तथाउनकोस्त्रीकों वडोदु:खभयो ॥ जो उन-नेंअवीताँईजलवीलीयोनहीहे ॥ उनकोदु:ख अपनेश्री-ठाकुरजीसों सह्यो नाँहि गयो॥ सो श्रीठाकुरजीनेंमो सों आज्ञा करी हे जो हमतों श्रीगोकुल जाय हें ॥ सो मनोकेंवडो[illegible]:खभयो ॥ त[illegible] श्री[illegible]जीसोंविनती

करी ॥ तब श्रीठाकुरजीनेआज्ञाकरी ॥ जो तुमारेध-नीने बाघाजीकोअपराधकीयो ॥सो हमतोरहेगेंनाँहि ॥ सो यहआज्ञासुनीकें मेरेहाथपाँवकोजीवनिकसीग-यो ॥ अबतुमनेमोकों जगाईहें ॥ सोतब सुधिभईसो-अबजेसेंतेसें बाघाजीकेघरजाय अपराधक्षमाकरवावो नहीं तो श्रीठाकुरजी यहां रहेगेंनाँहि॥ सोतब वाको-धनीदोयों,बाघाजीके घरगयो॥ओर बाघाजीनेतोराज भोगसराय अनोसरकरि महाप्रसादसबगैयनकोंदेदीयो ॥जो बेठे बेठे दोऊस्त्रीपुरुषदुःखकरिरहेहें ॥ जो श्रीठा-कुरजीने आज्ञाकरीहती ॥ जो सबारेवैष्णवतुमारेय-हाँआवेगो ॥ सोनजानेएसोकहा भारीअपराधपर्यो सो वैष्णवआयोनाँहि ॥ एसेदोऊजने दुःखकरीरहेहें ॥ सोतब ईतनेमेंयहवैष्णव दोयोंआयो ॥ आयकेजेश्री-कृष्णकरी॥देखतेहीं स्त्रीपुरुषकेप्राणहरेहोयगए॥ यह-जायकेचरणारविंदमेंगिरिपर्यो॥ भूमीमेंनाकघिसिकेंवी-नतीकरी,जोमेरोअपराधक्षमाकरो॥ ओरमोकोंमहाप्र-

सादलिवावो ॥ जो सखडीअनसखडीतोगैयनकोदे-
दीनी॥ जो लीवावेकहा॥ जो आप दोचारिघरीवि-
राजो,जो स्त्रीकोन्हवायके सेनपीछें आपुनतीन्योजने-
महाप्रसादलेयँगे ॥सो तोऊवैष्णववहमानेनाहि॥ जो
तुमारे घरमैंसूकोपाको जो कछु पर्योहोय सो मोको
देऊ॥ तव मेरोमनमानें॥ तव स्त्रीसोकही ॥ जो कछू ला-
वोभीतरसो॥ स्त्रीअनसखडीमहाप्रसाद दोनामें साजि-
कैंलाई, तव वावैष्णवनेकही॥जो मैंअकेलोकेसैंलेऊ॥
जो तुमदोऊलेऊ ॥ तापाछें मोकोदेऊ॥ सोतव तीन्यो
जनेननें हिलिमिलिकैंमहाप्रसादलीयो॥पाछें स्त्रीन्हाई
सेवाकेसमयसखडीअनसखडीभोगधरी ॥ भोगसराय
सेनआरतीकरी ॥ श्रीठाकुरजीकेदर्शन आनंदसो
महाप्रसन्नतासो तीन्योनकोभए॥ फेरि [1]श्रीठाकुरजी
कोपोढाय तारामंगलकरि वाहिरआए ॥ वाहिरआय

---

१ आ परम भगवदीयना श्री ठाकोरजी श्रीमदनमोहनजी, मुंबइमा मोटामदिरमा श्री गोकुलनाथजी महाराजने माथे, श्री बालकृष्णजीनी साथे विराजे छे

चारिपातरिधरी ॥ एकगैयाकी, एकयावैष्णवको, दोऊ-स्त्रीपुरुपनको ॥ सोतव ईनतीन्योनननें मिलिकें महा-प्रसादलीयो ॥ आचमनकरायबीरादीयो ॥ सोतव हाथजोरिकेंकही ॥ जो कालि प्रसादलेनकोंवेगेआईयो ॥ फेरि जेश्रीकृष्णकरिकें अपने घरगए ॥ सोतव जा-यकें अपनीस्त्रीसोंसवसमाचारकहे ॥ सो तव स्त्रीसु-नीकेंबहूतप्रसन्नभई ॥ ओरकही जो श्रीगुसॉईजीकी कानिसों प्रभुननें हमारेजनमकीलाजराखी ॥ सो प्रभु-अपनोअपराधसहे परन्तुवैष्णावनकोअपराधसह्योनजाय ॥ तातें वैष्णवनकेअपराधसोसदाडरपतरहेनो ॥ सो एसोपुष्टिमार्गकोविलासहे ॥ सो कछूलिखिवेमेंआवे-नाँहि ॥ सो ईनकी दीनदीनकीवार्तावहूतहें ॥ कहॉ-ताँईलिखिए ॥ संपूर्ण ॥

श्रीगुसॉईजीके सेवक चंदाबाई उदेपुरके राणाकीबेटी तिनकी वार्ताको भाव

आपकेचरणपरअनन्यभावजिनकों ॥ इनके मा

थेआपकोचित्रविराजे ॥ नित्यभोगधरिकें महाप्रसाद· लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामेंन्हवावे॥ तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजावडोअ· भिमानीहतो सो राजमेंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जव· वरातलेकेंव्याहिवेकोंआयो सो चोरिमें वाकोस्वरुपदे· खिकें चंदावाईकोंमहान्दुःखभयो॥सो पिताकेअगारि वाकोकछूचले नाँहि॥व्याहहेचूक्यो॥तव वाकोंज्वरच· ढिआयो॥राणाजीनेकछूवातसमझी॥आयके याकोंधी रजवधाई ॥ ओरकही जो कदाचिततुमारोधरमराजा विगारे तो पचासहजारसीसोदीयातुमारेपासहे ॥सो तव एसे कहीकें द्रव्यदेके याकोविदाकीयो ॥ द्रव्य आभरण वहूत दीए ॥ मनुष्य वहूतदीए ॥ सो ऊन· केसंगआठसहेलीहती ॥ ओरआठगूजरधायभाईसंग· लीए ॥ कितनेकमनुष्य नामधारीहते ॥ जलकीकाँ· वर रेशमकोपटवाँधिकेलावते॥ एसेंरस्तामेंकामचल्यो· गयो ॥ ओर मारगमेंभगवद्इच्छा सो ज्वरआयोकयों

॥ सो राजासोसंबंधभयोनाँहि ॥ फेरि जोधपूरजाय वडोऊंचो महल सो तामेंजाय निवासकरवायो सो महेलसतखनो ऊंचो ॥ सो तामेंजायकें महलखासा-करवायो॥श्रीठाकुरजीकेविराजिवेको सबव्योतकीयो॥ ओर लौकिकवारे नाजर राजा आवे सोवाको व्योत-न्यारोराख्यो॥सो तादिनचित्तवहूतहीक्लेशमेंरह्यो॥रात्र-मेंजबसोई ॥ तब वाकोआपकोदर्शनभयो ॥ तब यह-आज्ञाभई ॥ जो तूँ डरेमति तेरोयहकछूकरिसकेनाँहि ॥ सो ईतनो सुनतही बेठीहेगई ॥ ओर हृदयमेंआ-नंदभरिआयो रोमांचहोय आए ॥ फेरि आपकोचि-तवनकरिकेप्रसन्नभई ॥ फेरि सवारोभयो॥ सो यहवा-तकाहूकोकछूजताईनाँहि ॥ फेरिराजानेंजोतसीनको-बुलाय मुहुर्तदिखायो ॥ आयवेकोदीन निश्चेकीयो॥ फेरि राजानेंनाजरकोवुलायो ॥ ओर च्यारिसहेली नाजरकेसंगकरी ॥ तासमय

हतो ॥ ओर राणीजी प्रसादलेवेकुंबेठीहती

थेआपकोचित्रविराजे ॥ नित्यभोगधरिकें महाप्रसाद-लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामेंन्हवावे॥ तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजावडोअ-भिमानीहतो सो राजमेंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जब-

थेआपकोचित्रविराजे ॥ नित्यभोगधरिकैं महाप्रसाद-
लेई ॥ आठसहेलीब्रह्मसंबंधिनी नित्यसेवामैंन्हवावे॥
तिनकोसगाई जोधपूरकेराजाकेसंगभई, राजावडोअ-
भिमानीहतो सो राजमैंकोईकोंवदेनाँहि ॥ फेरि जव-
वरातलेकैंब्याहिवेकोंआयो सो चोरिमें वाकोस्वरुपदे-
खिके चंदावाईकोंमहान्दुःखभयो॥सो पिताकेअगारि
वाकीकछूचले नाँहि॥व्याहहेचूक्यो॥तव वाकोंज्वरच
ढिआयो॥राणाजीनेकछुवातसमझी॥आयके याकोंध

महलके गवाखामें आडोचोकपरीहती ॥ ईतनेमेंनाजरनेआयके मुजराकीयो ओरकही ॥ जो तुमारेमहलमें आजहजूरपधारेंगे ॥ ओर चांदीकोथार सहेलीनकेसंगलाए ॥ तामें पान, सुपारी, काथो, चूनो, ईलायचो, तरहतरहकोअत्तर ओरमदिराकोप्याला, सो देखतेंहोवाकोदुर्गंधआई ॥ सो मोंहोडोढाँपिलीयो ॥ सो देखिकेंवडोजीवजर्यो ॥ ओर नाजरसोंकही जो यहमदिरा–दारुलायोहें सो याकोछींटापरे तो कपराहमारेकामकोनाँहिरहे ॥ सो जायकें अर्जकरि देऊहजुरसों ॥ नाजरतोदुष्ट सों झूंठिसाँचिकहिकें राजाकोंखिजायो ॥ तब रानीनेजांनी जो हमारेमाँथे आपकेचरणारविंदविराजेहें सो यहकहाकरेगो ॥ सो राजासुनीकें वाहोसमय हिरण्यकश्यपकीनाँई क्रोधकरिकेंचल्योआयो ॥ सो वाकेसामें आपकोनामलेकें निंदाकरन लाग्यो ॥ तब वाकों सुनिकें महान्दुःख भयो ॥ सो शास्त्रकोरितिहें जो अपनेप्रभुनकी, अपने·

गुरुनकी निंदाकरे तो वाकिजिभनिकसवायलेंनी ॥ सो तो ए अबला जो ईनकि कछुचलेनाँहि ॥ तब ईननेंजानि, जो अपनेकांनसों अपनेप्रभुनकिनिंदासुनि, तातें यहदेहराखनि नाँहि॥तातें वा गवाखामेंसों चिकतोरिकें सतखनापेसोंनिचेकूदी ॥ सो वा समयपवनबहुतचल्यो ॥ सो लेहेंगाबडोघेरकोहतो लेहेंगाफुलिगयो, पक्षीकिनाँइपाँखेहेगयो ॥ सो निचे गिरिबेदेईनाँहि ॥ सो उपरहिथांभिराखी ॥ सो उननेंअपनों लेहेंगादाबीकें जेसेंतेसेंबेठो ॥ जेसेंपक्षीबेठेहें ॥ तेसें बेठिगई ॥ सो आपकोकृपासों वाकोवारहुवांकोनभयो ॥ तब राजावाहीसमय भयखायकें बाहिरभाजीआयो ॥ सो एसोमहलऊंचो जो जहाँसोकोडीपटके तो टूकहेजाय ॥ फेरिराजानेहुकमचलायो ॥ जो मरीकेजीवी सो खबरि देऊ ॥ सो नाजर सहेली सब पठाए ॥ सो महलमेंसहेलीहती सो उननेंजानी ॥ जो अब हममहलमेंरहिकेंकहाकरे ॥ वाहीस-

मयन्हायकें कछूआपकोभोगधरिकें झांपीमेंपोढाय रे-
शमीवस्त्रसोंझांपीवांधी॥सेवामेंसोवंटा झारी आभरण
एक रेशमीखडीयामेंवांधे ॥ इतनेमेंवधाईआई ॥ जो
रानीजीवतीवचोगई ॥ जो कछूनाँहिलागो ॥ सो सु-
नीकें चारिसहेलीदोरिकेंअर्जीकरी ॥ जो मैंतो यारा-
जाकोमोंहोडो देखुंगीनाँहि ॥ जो तुमसोंवनेतो हमा-
रेप्रभुनकोपधगायलावो ॥ ओर कछुराजानाँहिकरेतो
न लावो ॥ तासमय चारिसहेली महलमेंगई ॥ दोय
पासरही, सो महलमेंजायकें सवखिलोनां तथाश्री-
ठाकुरजीपधराईलाई ॥ ओर चांदीकेकलसा रानीके
गेहेंनाकोसंदूक सवलिवायलाई ॥ ओर ईनकेसंगके
ऊदेपूरके सवमनुष्य हथीआरलेकें ईनकेपासठाडेरहे॥
ओरकही ॥ जो हम मरेंगे ओर मारेंगे ॥ तव वाईने
कही, जो तुम कछुमतिकरियो ॥ हमवगीचामेंरहेंगे॥
सो राजाकोमनुष्य कोईमनुष्य मेरेपासनआवनपा-
॥ फेरि राजानेंनाजर सहेली ओरकनातपठाई ॥ त-

रानीनेंनाजरकोंबुलाय समझायकेंकही॥ जो तुमभले आदमिहोऊ तो यहाँसेंचले जाओ नातर सो पचा-समनुष्यनकी यहांहत्याहोयगी ॥ ओर मेंतोराजाके-कूआको पानीहुंनपोऊंगी ॥ तब यहतो एक बगीचा-मेंजायकेंरही ॥ ओर राजाकोएकमनुष्यरहेंननदीयो ॥ फेरि राजाहूंबहूतपछितायो, फेरि चारिमनुष्यपठाए ॥ ओर कही जो मेरीभूलमाफकरो, जो में वा समय नसामेंहतो ॥ सो कछुसुधिनरही ॥ फेरि आपमह-लमें आवो ॥ जेसें सेवापूजाकरतहते, तेसेंहीकरो ॥ में दोयचारिगामअधिकीमेंनिकासीदेऊंगो ॥ तब रा-नीनेंएकहू बातनमानी, कही जो तुमारे कूआको ज-लबीहमारेकासेको नाहि॥सबफिरिआए॥ तब राजानें अपने मनकोंबडीधिक्कारदीनी ॥ जो एसेंठीकानेकी-बेटी, जो सीसोदियासूनेगो तो कहाकरेंगे ॥ फेरि याकेधाईभाईको बाही समयसाँडियाभेज्यो ॥ सो खबरिलगतेही, सीसोदीयाननें जोरखायो ॥ सो रा-

नीनेसुनी ॥ तव अपनोसाँडिया वापकेपासभेज्यो ॥ सो ता परमानामेंचंदावाईनेंलिखिपठाई ॥ जो यावा- तकोआप कछुविचारोमति ॥ जो तुमनेंमोकों याकों- सोंपी ॥ सो राजानेंमोकों वनवासदीयो ॥ सो तूम- सोंहुंगई वासोंहूंगई ॥ अव हों तो केवलप्रभुनकीभईहों ॥ जो तुमहमारेसांचेपिताहो तो श्रीगोकुलपोहोंचा- यदेऊ ॥ ओर जो हमारे प्रभुसत्यप्रतिज्ञहें तो तुमारे कूलकोंकलंकनलगाऊंगी ॥ यहहमारीअरजहें ॥ जो आठदिनाताँई आपके समाचारकोवाटदेखुंगी ॥ ओर नोमेंदोन श्री गोकुलचलुंगी ॥ फेरि तुमकहोगे, जो हमकोंलिखिनाँहि ॥ फेरियहसाँडिया राणाजीकेपा- सपोहोंच्यो ॥ राणाजीनें चंदावाईको परमानावाँचि- के सवभाईवेटानसोंनाँहिकरीदीनी ॥ जो तुम यावा- तकोजोरमतिखाओ ॥ जो पाँनसेमनुष्य, एकडोला, ऊंट पचीस, ओर तिनके ऊपर पचासहजाररुपैयानकी- रोकर ॥ ए सब सातमेदोनजोधपूरजायपोहोंचे फेरि

राणाजीनेंसामें परमानालिख्यो ॥ जो बाई तुमनेंवि-
चारी सो आछीहें ॥ जो हमारीपागराखनी तुमारे-
हाथहें ॥ और पहेलेगांमहते सो तातें दूनेगामचंदा-
बाईकों निकासी दीनें ॥ फेरि बानें दूसरेदीन श्री
गोकुलकोंकूचकीयो ॥तब जोधपूरकेराजा भाइबेटा-
ननेअरजकरी ॥ सो काहूकीसूनीनाँहि ॥ फेरि कोई-
कदीनमें श्री गोकुलपोहोंची ॥ सो जायकें आपके
दर्शनकीए ॥ तब आपबहूतहीप्रसन्न भए, तब चंदा-
बाईनेबिनतीकरी ॥ जो राज या देहपें घातबहुतभई
॥ सो राजकीकृपातें काहुकीचलीनाँहि ॥ केवल रा-
जकेचरणारविंदके प्रतापतें दोऊठिकानें डंका बजायकें
आईहों ॥ सो गदगदकंठहोयकें गिरिपरि देहकिसु-
धीरहीनाँहि ॥ तब आपनेंदोऊचरणारविंद चंदाबाई-
केमाँथेधरे ॥ फेरि संगकीसहेलीनने हाथपकरीकेठा-
डीकरी ॥ तब दंडवत्करिके बेठाई ॥ फेरि बचना-
मृतसों सिंची ॥ तीन्योताप तत्क्षननिवृत्तभए ॥तब

वहुत धीरजवधाई ॥ ओर श्रीमुखसोंआज्ञाकरी ॥ जो प्रभूअपनें जनकों छोडेनाँहिहे ॥ संसार विषयसुखमें सोनिकासिके अपनेपासराखेहे “संत्यज्यसर्वंविषयान् स्तवपादमूलेंप्राप्ता ” इति ॥ सो चंदावाईकोस्वरुप वहुतसुंदरहतो ॥ ओर माँथेपरभगवद्‌तेज एसोझलमलाय, सो कोइसाँमेझाँकिशकेनाँहि ॥ ओर श्रीगोकुलमे यशोदाघाटकोपेंडो चंदावाईनेंवनवायो ॥ सो अवहीविद्यमानदर्शनदेईहें ॥ ओर अपनेपहेरिवेकोगहेना कितनोकहतो ॥ मोतिनको. जडावको सो सव वहु वेटिनकोअँगिकारकरायो ॥आपनेंएक नथनाककी ओर कंठकोतिनमनीयाँराख्यो ॥ फेरि श्रीगुसाँइजी श्री गिरिराजकी कंदरामें पधारे ॥ तादीनसों रंगिनवस्त्र हुअंगमें धारणनाँहिकोए॥ जो श्रीठाकुरजीपीछे मृगकीदारि रोटी लेती ॥ ओर सवछोडीदीयो ॥ ओर एक हवेली श्रीमथुरांजीमें श्रीयमुनाजीकेतीर श्रीविश्रामघाटपरवनवाई ॥ सो कवीकवी

श्रीमथुरांजीजाती सो तहाँऊतरती ॥ एकवेर जहाँ गीरवादशाह आगरेतें श्री मथुरांजीकोआयो ॥ सो काहु दूष्टचूगलखोरने चूगली कीनी ॥ जों यहाँ राणाजीकोबेटी चंदावाईहैं ॥ ताकों पकरिमँगावो तो राणा पाँवनआय परेगो ॥ यहवात्त चंदावाईने सुनीपाइ, सो संगकेसहेलीलोग वहुतही रोवन लगीगए ॥ जों नजानोए ए दूष्ट कहाकरेगो, तव चंदावाईनें सवनकोंधीरजवधाईकेंकही, जो कोई डरपोमति ॥ ताहीसमय दसहजारमनुष्य जाहांगीरशाहनेभेजे ॥ सो म्लेच्छननें आयकें हवेली घेरिलीनि तव वहुतहल्लाभारीभयो ॥ सो मथुरांजीकेलोग सवकांपे सवननें कही जो आज इनको धर्म गयो ॥ ईनकेमाथे तो त्रिलोकीनाथविराजे हे ॥ सो वह वाहीसमय कच्छवांधिकें एक वस्त्रमांथेसोंवांधिके वाहिरनिकसीआई ॥ ओर कही ॥ जो क्यों हल्लाकरोहो तवमनुष्यननें कही ॥ जो हम तुमकों पकरिवेकों आयेहें ॥

तव चंदावाईनेंकही जोपकरिवेकोकामकहाहे ॥ तुम कहोगे तहांचलेगें हमभाजेथोरे जायहें ॥ एसेंकहिकें वामनुष्यके संगचली ॥ सोवाकेतेजकेमारें कोईपास-तो आयशकेनांहि ॥ सवदूरिदूरिचले । जोमोनों पर्वत गुफामेंसों सिंघनिकसीकेंचल्यो एसोरुपधारण कीयो ॥ सो जहां जाहांगीरशाहको डेराहतो वाके भीतर चलीगई ॥ सो देखतहीं जाहांगीरशाह कंप्यो ॥ फेरि चंदावाईनेंयहकही ॥ जो धिक्कार तेरी वाईस-लाखफोजकों, जो तूं लुगाईनकोंपकरिकें मेरे पिताकों जीत्यो चाहेहें तो में जोरहोय तो मेरेपितासों तर-वारलेजायकेलडि ॥ तासमें वहुतलजानोपडि गयो॥ फेरि हजाररुपैयाके दुसालाकी जोडी चंदावाईको उढाई॥ ओर दोय सुनहरिनारियलसो चंदावाईकी गोदभरो ॥ ओर वहुत क्षमाकरवाई ॥ ओर पांनसें-घाभूमीदीनी ॥ ओर कहीजो तूं मेरीधरमकीवेहे-ने॥ जोवोलिकछुवंदगीकरों तोमेंयहां रह्योआंऊ॥

तवकही ॥ जो तेरीवंदगीहे ॥ जानें मेरीचुगलीकरी ताको कछूदुःखमतिदीजो ॥ यहसुनीके वहुतहीप्रसन्न भयो ॥ तव यहकही जो याकीभक्तिसांचीहे ॥ जो न तो यानेंवूरोकीयो जो मेरो भलो कीयो ॥ फेरि डोलामेंवेठायके हवेलीताँइ पोहोंचायगयो ॥ एसो प्रभाव मथुरांवासीननेदेख्यो ॥ सो सवकोदुःख ताप निवृत्तभयो ॥ सो चंदावाईनें भूतलपरदर्शनदीयो तहाँताँई जाहाँगीरशाह वंदगीमें रह्यो ॥ एसो श्रीविठ्ठलनाथप्रभुनको प्रतापजतायो ॥ फेरि श्रीगोकुलमें आपके चरणारविंदमेंप्राप्तिभई ॥ तासमय श्रीगोकुलनाथजी, श्रीघनश्यामजी दर्शनदेतहते॥सो वाकीहवेली श्रीघनश्यामजीके वांटेआई ॥ सो एसो चंदावाईको चरित्र अनंतहे सो लिखिवेमें आवेनांहि ॥ जो कछुकछु श्रीनाथजीके वचनामृतमेंसों युक्ति करिकें लिख्योहें ॥ प्रसंगसंपूर्ण ॥

श्री गुसाँइजीके सेवक दोयभाई कुंभार राजनगरमें रहेते तिनकी वार्ताको भाव.

सो ऊनने एकवेर अवामें आंचलगाई ॥ तामेंभीतर सब भाजनधरे॥ सो तामेंवलैयानें अपनें बच्चा धरिदीए तासमयवडोभाइतो कछुकार्यार्थिगाममें गयो हतो ॥ ओर छोटोभाई आँच लगायवेमें हतो ताही समय वलैया आई ॥ सो आयके बाहिर बाहिर डोलें॥ओर पूकारे तब वडो दुःख भयो, मनमें कहिवे लाग्यो ॥ जो याअपराधतें कैसें बचे जो शरीर कांपिवे लाग्यो ओर रोयवे लाग्यो ॥ तब श्रीगुसाँईजीको ध्यान कीयो ॥ ओर विनती करी जो राज यासमय आप बचावो तो बचे॥ एसे कहिके आपकीऑनि अग्निको दिवाई ओर कही जो श्रीगुसाँईजीकी ऑनिहें॥ जो बच्चाके पास मति जैयो ॥ सो ईतनेमें वडो भाई आयो ॥ वाने सब बात कही, जो यामे बिल्लीके बच्चाहें सो रोयरोयकें गई ॥ तब वडे भाईनें स्नीके वडो

दुःख कीयो॥जो हाय वडी हत्या भई ॥ सो ऊहाँही अवाके पास दोऊ भाई बेठे रहे॥ ओर रात्रि भरि नींद करि नाहि ॥ विलाईहूं अवाके पास परीरही॥ सवारें भए श्रीगुसाँईजीने छोटेभाईकोजताई जो तू चिंता मति करे जो ऊन बच्चानको अग्निने परसहूं नाँहि कीयो हे ॥ सो झट वाही समय वडेभाईको जगायो ॥ ओर कही जो भाई आपको एसो आज्ञा भईहें॥ सो वडेभाईनें कही जो अरे ! तेनें आपको कछु श्रमतो नाहि करवायो ?॥ तब छोटेभाईने कही जो वा समय बिल्लीवच्चानकों देखिकेंरोई, तव मेंने अग्निको आपकोऑनि दिवाई ॥ सो सुनिके वडेभाईनें वडो खेद कीयो जो हाय हाय ईतनीवातकेंताई तेंने वडोश्रम करवायो ॥ जो हाय हमारो कुंभारको जन्मतो पापरुपहे एसी तो कितनीक हत्या हमको अग्नि जरावें तवहोयहें ॥ तातें तेने आपको श्रम करवायो ॥ यह वडो भारी अपराध भयो ॥ फेरि दीन ऊग्यो ॥ तव

अवाको अग्निसीतल भई ॥ तव सवभाजन ऊठायकें अलग धरते गए ॥ तव मनमें कही जो ए आँचसों कहावचें होयगें ॥ माटीके भाजन एसेंपके हे जेसे तांवा होय गएहें ॥ तो ए कहा वचे होयँगें ॥ सो वासनकी तहऊठाई ॥ सो तीसरी तह काची नीकसी, ताकों आँचकोधूँआहूँ परस नाँहि भयो हे ॥ जो भाजनसव सीरेहाथमें लगिवेलागें सो देखिकें चक्रत होयरहे ॥ फेरि भाजन सव अलग धरे ॥ सो वे विल्लिके वच्चा ज्योंकेत्योंहें ॥ फेरि वे अलगकरे ॥ सो विल्लि आयकें तीन्यों वच्चानकों मोहोंडेमें देकेंलेकें भाजि गई तव इन दोऊ भाईनको वडो खेद भयो, जो देखो तुच्छ वातके लीए आपकों हमने इतनों श्रम करवायो ॥ ताही समय दोऊ भाईनके चित्तमें वैराग्य आय गयो सो गामके वैष्णवनकों वुलायकें कही जो हमतो दोऊ भाई श्रीगोकुलजायहें ॥ ओर घरकी वस्तु भावहें ओर .टीके भाजन हें ॥ सो तुम ईनके दास करिकें श्री-

गोकुलमें श्रीगुसाँईजीके पास भेजिदीजो॥ ओर हम तो श्रीगोकुलजातहें॥ सो आपके चरणारविंदकेपास रहेगें॥ अव यहाँनहीरहेगें॥ एसें कहिकें थोरोवहूत खरचलेके श्रीगोकुलकोचलिदीए॥सो कछूकदीनमें श्रीगोकुलआय पोहोंचे॥सो श्रीगुसाँईजीके चरणारविंदमें साष्टांग दंडवत् करी श्रीफल दोऊ भाईननें भेट धरे॥ तव आप वहूत प्रसन्न भए॥ अरु करुणा दृष्टिसों दर्शनदीए॥ सो दर्शनकरीकें तीनोंतापनिवृत्त भए॥ तव श्री मुखसों आज्ञा करी॥ जो अव तुम अवाकीजीवका मति करो, यामें हत्या वहूतहें॥ सो सुनोकें विनतीकीनी॥ जो राजकों श्रम तो वहूत करवायो अव याजीवकों आप कृपा करि वचावो तो वचे॥ तव ईनदोऊ भाईनने विचार कीयो जो अव कहा ऊद्यम करनों जो ऊद्यम विना निर्वाह केसें करे॥ सो श्रीगोकुलमें तो कछू ऊद्यम देख्यो नाँहि॥ पाछें श्रीमथुराजी आए॥ तहाँ सव ठिकानें मजूरी करिवेकों

फिरे ॥ ओरतोकछू पायो नाँहि ॥ जहाँ अन्नकीपेंठ-लगीरहीहतो, तहांगए॥ ऊहाँजायकें अन्नकीमजूरी-करिवेलागें सो वादोनतो एक प्रहरभरि मजूरी करी ॥ चारि पांच आना कमाए ॥ फेरि श्रीगोकुलजायकें अपने श्रीठाकुरजीसों पोहोंचिकें रात्रमें कथावचनामृत सुनीवेकों आपके चरणारविंदपास जाते॥ एसो नित्यको श्रम ईननें वांध्यो ॥ सवारे तीन बजे जागें ॥ सो देहकृत्य करी आपके चरणपरस करी घरमेंन्हावें ॥ श्रीठाकुरजीसों पोहोंची महाप्रसाद लेईं नववजें श्रीमथुरांजी जाय पहोंचे॥सो अन्नऊठायवेकी मजुरी करे ॥ नीत्य आठ दस आना कमावे, फेरि चारिवजे चले सो पांचवजे श्रीगोकुल आयजायकें घरमें न्हाय श्रीठाकुरजीसों पोहोंचीकें आपके वचनामृत कथा सुनीवेकों जाय॥ यारीतिसों नित्य निर्वाह करे ओर मजुरीको द्रव्य महोनामें जोरे तामेंसों तीन विभाग करे॥एकभाग तो श्रीगुसाँईजीके चरणारविंदमें धरे॥

दूसरे भागसो आप घरमें निर्वाह करे ॥ ओर तीसरा भागमेंसों वैष्णवनकी सेवा टहल करे ॥ यारीतिसों वैष्णवनकी सेवा करे ॥ कोई जाने नाँहि ॥ जो दोऊ भाई वैष्णवनकी कोटरीमें जाय सो एक भाई तो भगवद् वार्ता करे ओर दूसरो भाई अगलबगल वैष्णवनकी पथारीमें द्रव्य धरि आवे ॥ तापाछें वैष्णव घरमें बुहारी करे ॥ तब पांचछे रुपैया पावे ॥ सो वैष्णवनको बडो आश्चर्य होय जो ए रुपैया कहाँसो आयगए ॥ ऐसे दूसरे महीनामें दूसरे वैष्णवके घर जाय ॥ यारीतिसों द्रव्य धरि आवे ॥ सो सबनकों आश्चर्य होयवे लाग्यो ॥ जो बुहारी करतें केसें रुपैया पावेहें ॥ तब उनमेंसों कोऊ कृपापात्रनें जान्यों जो ए दोय भाई कुंभार आवे हें सो धरीजायहें ॥ सोतब ईननें सबनकों ज्ञान करायो ॥ एसी रीतिसों श्रीगोकुलवास कीयो ॥ सो ईनदोऊ भाईनकी सेवा सुफल करिवेकों श्रीगुसाँईजीके चरणपरस करिवेको सब वैष्णव आए ॥ सो वे दोऊभाई

आये॥ चरणपरस करिकें गए॥सो आपनें ओरवैष्ण-
वनसों कही जो ए दोऊभाई अवातो करे नाँहिहैं
तो वे केसें निर्वाह करेहें॥ तव ओर वैष्णवननें कही जो
राज सवारेही आपके चरणपरस करो केअपने घरमें
श्रीठाकुरजीसो पोहोंचिके श्रीमथुरांजी जाय अन्नकी
मजुरी करेहें॥ फेरि अपने घरमें पोहोंचिकें आपके
कथावचनामृत सुनेहें॥ ओर मजुरीको द्रव्य आवे हे
ताकों जोरिकें ताके तीन विभागकरेहें॥ सो एकभा-
गकीतो आपके भंडारमे सामग्री लायकें धरेहें॥ एक
भागसों अपने घरमें निर्वाह करेहें॥ ओर एकभाग
वैष्णवनकों अँगिकार करावेहें सो वैष्णवनकों या रीति-
सों अँगिकार करावेहें जो वैष्णवनकी कोठरीमें जाय
एक भाई तो भगवद् वार्ता करे दूसरो भाई अगल-
वगल पथारिमें धरि आवे॥ यारीतिसों श्रीगोकुलवास
करेहें॥ यह सुनीकें श्रीगुसाँईजी आपको हृदय भरि
आयो॥ श्रीमुखसों आज्ञा करी॥ जो श्रीगोकुल

वास ईननैंही करी जान्यो हे ॥ तव आपने आज्ञा करी ॥ जो ईनकों या रेहेनिपें कहादेई जो मारगकीरेहेनिहें सो ईननें पहेलेसोंही राखीहें ॥ सो आपको वडोहीविचार करनो पर्यो ॥ फेरि आपने आज्ञा करी ॥ जो ए सांझकों आवेगें तो ईनकोंमें देऊंगो ॥ सो, जो ए, कहा मांगे ॥ सो ईनको आशय सव वैष्णव जानेगे ॥ आपतो अंतरजामि सो जानि गए ॥ फेरि सांझकों ए दोऊभाई आपकी कथा सुनीवेकों आए ॥ कथा होय चूकी ॥ तव सव वैष्णव अपनी अपनी कोठरीमें जायवे लागे ॥ सो सव वैष्णव गए ॥ तव ए दोऊभाईजायवेलगे ॥ तव आपनें खवाससोआज्ञाकरी जो तुम इन दोऊभाईनसो कहो, जो अव तुम घर मतिजाओ ॥ आपकी आज्ञानांहिहें सो सुनीकें वडेडरपे कांपिवेलागें हाथ पांवनकेसत निकसीगए ॥ सो मनमेंकही जो आजकोईभारी अपराधपर्योहें ॥ कहाजानें आपनेंकहा विचारीहें ॥ सो

एसें मनमेंकहिवेलागे ॥ फेरि आपने आज्ञाकरी तु-
मदोऊ जनेंहमारेपास आवो ॥ सो दोऊहाथ जोरि-
कें आपके सामने कांपते ठाडेभए ॥ तब आपने
वचनामृतसों सिंचे ॥ जो वैष्णव कायर मतिपरो
हम तुम पर प्रसन्न भए हे ॥ तुम कछू मांगो ॥ सो
सुनतेही गदगद कंठ होय गए ॥ नेत्रनमेंसों जल-
की धारा चली ॥ मुखसों बोल नीकसें नाँहि ॥
फेरि मनमें कही जो एसी हमने कहा कृत्य करि-
हे ॥ तापर आप प्रसन्न भए ॥ फेरि आपने आज्ञा
करी जो वैष्णव सकूचोमति ॥ मैं तुम पर प्रसन्नहों
तूम कछू माँगो ॥ तब ईनदोऊनने विनती करी जो
राज ओर अधीककहामाँगे जो आपकी प्रसन्नताके
लीए जीव अनेक साधन करेहें ॥ तो हम सारीके
पतितनके ऊपर कृपा करिकें स्वतःही प्रसन्नह्वे गए ॥
वासों अधिक माँगनो कहा हे ॥ तब आपने आज्ञा
करी ॥ जो ओरमांगो ॥ तब दोऊभाई विचारे जो

करी ॥ जो ओरमाँगो ॥ तब ए दोऊभाईविचारे जो ओर अधिककहामाँगे ॥ फेरि आपनें इनके हृदयमें विराजिकें यह मगायो॥ जो राज जेसे प्रसन्नभए हो सों एसेंही हमपर सदा प्रसन्नरहे आवें ॥ तब आपनें करुणाभरे वचनामृतसों आज्ञाकरी जो तुमपर प्रसन्न सो हमारे दास ॥ जो तुमपर प्रसन्न नहीं सो वह हमारो दासनही ॥ एसो आपने महान् फल दोऊभाईनकों दीयो ॥ फेरि आपनें दोऊ चरणारविंद दोऊ भाइनके माथे धरिकें श्रीमुखसों आज्ञाकरी जो तुमपर दोऊ रीतिसों कृपा हमारी तथा हमारे दासनकी रही आवेगी ॥ तुम यारीतिसों श्रीगोकुलवास करो ॥ सो तातेंईन दोऊभाई कुँभारनकोभाग्य कछूलिखिवेमें आवे नाँहि ॥ सो तातें ईनकीवार्ता कहाँ ताँई लिखियें ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

श्रीगुसाँईजीके सेवक दुर्गावती राणी तिनकी वार्ताको भाव

सो यहकडामेंरहेती ॥ याको राज्य वडो प्रवल हतो, सो आप पुरुषके वस्त्र धारण करती ॥ पांचोशस्त्र धारण करती ॥ एसी क्षत्री वीर रसमें निपून हती ॥ तिनके पास षोडश शास्त्री पंडित रहेते ॥ तिनसों धर्मशास्त्र नीतिशास्त्र सिद्धि कराए ॥ सो आप ब्रह्मण्य हती ॥ पून्य वहूतकरती ॥ सो वाको अँगिकार करिवेको श्रीगुसाँइजी अडेलको त्यागकरिकें व्रजपधारत हते ॥ वीचमें ईनको अँगिकार करिवेकोंईनके गाममें पधारे ॥ सो संगवारेनको ईच्छायह के आगेंपधारे॥ परन्तु आपकी ईच्छा कडामें विराजिवेकी हती ॥ तातें आप रात्रमें आज्ञाकरिदोए जो कडामें विराजेंगे ऊहाँ मुकामहोयगो ॥ सो वाई साहेवके विश्नुतालपें डेरा- भए ॥ सवारे आपनें भट्टजीसों आज्ञाकोनी जो गा- ममें जायकें अखिलाओ ॥तव भट्टजीनें तैलंगी वोली

में 'इस्तु इस्तु' एसे पुछीकें अग्निमाँगो ॥ सो कोऊ समझे नाँहि तासों सबननेंनाँहि करीदीनी ॥ सो भट्टजीनें आयकें विनती करी जो राज यहाँ अग्नि नाँहि हे ॥ तब आपने आज्ञाकरी ॥ जो कहा गाममें अग्नि नाँहि हें ?॥ इतनी आज्ञा करतही सबगामकीअग्नि शान्तिहे गई ॥ सब प्रजाकी तथा राजाकी गाममें अगल बगल जोगीवैरागी हते तिनहूंकी अग्नि शान्तिहेगई ॥ जो धूंनिनमें अग्नि रही नाँहि ॥ तासों बडोहाहाकारभयो ॥ ओर आपके खटलामें स्वतःही अग्निप्रगटहेगई ॥ सीतकालके दीनहते सो प्रजाबहूत दुःखीभई ॥ सो यह वातरानीनेंसूनी सो बहूतही व्याकुलभई ॥ सो रानी मूलमें दैवीजीवहती ॥ सो वाको यही वातस्फुरायमानभई जो या नगरमें कोई महापुरुष पधारेहें ॥ ताको अपराध बन्योहें ॥ तासों ताही समयरानीनें दसबीसमनुष्य गामकेबाहिर खबरि करिवेकों पठाए ॥ सो वे दूत नगरके चार्यों ।

सो जहाँ आपकेडेराहते तहाँ आए सो आपके डेरानमें महान् अग्निदर्शनदेरहीहे ॥ सो देखिकेंचक्रतव्हे रहें ॥ तव पूछो, जो ए डेराकोनकेहे ॥ तव काहू मनुष्यनें कही जो दिक्षितजी–श्रीगुसाँईजी अडेलतें पधारेहें सो आपके डेराहें ॥ यहसुनतही दूतननें रानीसाहवसों जायकें अरज करी ॥ जो नगरके चारों आडीफिरे॥ सो साधु वैरागी काहूकी धूनिमें अग्नि नाँहि हे जो एक दिक्षितजी–श्रीगुसाँईजी–श्रीविट्ठलनाथजीके डेराभए हें॥आप अडेलतें व्रजकों पधारतहें॥ तहाँ सवकेडेरानमें अग्निदर्शन देरहीहें ॥ सो यहसुनतही रानीनें अपने मनमें विचार कीयो ॥जो यह अपराध हमारे नगरमें, आपको वन्योहे ॥ ताहीसों अग्निशान्तिभईहे॥फेरि दुर्गावतीरानी अपनें पाँवनसों आपके दर्शनकों दोरिआई ॥ सो असवारीको डोलाहू छीयो नाँहि ॥ संगमें पांच पचास मनुष्यलेकें आपके दर्शनकों आई ॥ तासमय आपन्हायकें विराजेहते व्रह्म

यज्ञ करतहते ॥ सो पहेलें या रानीनें दोयचारिमनुष्य अगारि दोरायकें वीनती कराई ॥ जो दूर्गावतीरानी आपके दर्शनको आवेहें ॥ तब आपनें आज्ञाकरी जो आछो ठीक हे आवनदेऊ ॥ तब दूर्गावतीरानी आपके सन्मुख जायकें आपके चरणारविंदमें गिरिपरी ॥ गदगदकंठ होयगई ओर यह प्रार्थना करी जो राज नगरको अपराध क्षमाकरिकें या नगरको जीवनदान देऊ ॥ तब आपनें मंदमुसकायकें आज्ञा करी जो रानी कहा मांगेहें ॥ तब रानीनें विनतीकरी ॥ जो राज आपसाक्षात् कल्पब्रक्ष पधारिकें हमको दर्शनदीए ॥ अब प्रथम तोयहकृपाकरो जो सब प्रजाके चुल्हानमें अग्नि हे जाय ॥ तब आपनें आज्ञा करी जो तुमारी प्रजाके चुल्हानमें अग्निभई ॥ तासमय वधाई आई जो महाराज गाममें अग्निसिद्धिभई ॥ प्रजावची ॥ तब रानीनें वाहीसमय आपसो वीनतीकीनी जो राज जेसे प्रजाकों वचाई तेसेंमोकोंया संसारसमुद्रतें वचाईये ॥ ओर

आपके चरणारविंदकी दासीकरो ॥ तब आपने वाही समय रानीको नामसमर्पन करवायो ॥ ओर आज्ञा करी जो आज तुमव्रत करो कालि तुमको ब्रह्मसंबंध करावेंगे ॥ तब रानीने वाही समयबहूतही मोहोर भेट करिकें आपके दर्शनकीने ॥ जो बहूतकालतें आतुरता लगिरही हती, सो राजके झगरामें मेरो निकास भयो नाँहि ॥ आपने करुणाकरी मोको यहाँही पधारि सनाथकरि तब आपने आज्ञा करी जो अब या समय तुम नगरमें जाओ ॥ कालि तुमको निवेदनदेईंगे ॥ पहेरिवेको नए पटवस्त्र लिवायलाईयो ॥ तब रानीने अपने मंत्रीनसो कही जो आपको सामग्री त्रनपर्यन्त यासमय आवे ॥ जहाँताँई आप विराजे तहाँताँई राजमेंसो सबसामानऊठे ॥ आप काहू बातको श्रम पावेनांहि ॥ वाही समय सबसामग्री, खांड, साक सालन. चुन, तांबुल, सुपारी, सुगंध, ईलायची, इंधन घासपर्यन्त ढेरकेढेर आयपरे ॥ दुसरे दीन निवेदन

दान आपनें रानीकों दीयो॥ रानीनें सहस्रमोहोर आपके चरणारविंदमें भेट धरी॥ तव आपनें आज्ञा करी जोरानी तूँ आज विदाहोयजा, कल्हि हमारोहु कूचहोयगो, काहेते॥ जो सीतकालकेदीनहें सो संगकेलोग ऊतावल करेहें॥ सो ठिकानेसर विराजें तो सवकों सुख होय॥ तव रानी यह वचन सुनीकें वहूतकाय रविह्वलह्वैगई॥ ओर आपकेसामे आडीपरिजाय॥ जो राज मेरीछातीपर रथचलायकें आपभले पधारो॥ वेसेतो में पधारिवेदेऊंगीनांहि॥ जो यहनगर यहशहर सव आपकोहे॥ जो चाहे मोको राखो चाहे ओरको पून्य करिदेऊ॥ एसे रानीके प्रेमकेवचन सुनीके आप भक्तवत्सलहोते भए॥ तव कही जो रानी कायर मतिपरे जो हम तेरी प्रसन्नतासों अगारि पधारेंगे॥ ए वचनामृत सुनीके रानीके प्राण हरे होयगए॥ सो ताही समय रानीने मंत्रीनको हुकमकीनो जो नगरमें आछीआछी हवेली देखिकें साफ करावो॥ फेरी आपसों

चीनती करी ॥ जोराजके जलघरीया जायकें जगे खासाकरें ॥ सोतव रानीको वीनतीप्रमान आपमनोरथ पूरण करतेभए ॥ रानीने आठप्रहरमें शैया-पलंग सिंघासन सर्वसिद्धि कराए ॥ओर गादीतकीया सव सामग्री हवेलीनमें सिद्धिहेगई ॥रानीकी तैयारी कछुलिखिवेमें आवेनांहि ॥ मानों आप अडेलमें घरमेंही विराजेंहे ॥ फेरि रानीने दुसरेदोन आपको पधारिवेकी तैयारी करवाई ॥ सो नगरके दरवाजासों लेकें आपके विराजिवेकी हवेलीतांई तोरन, खंभ, बंधाए ॥ प्रजाननें द्वारद्वारपर नवीन नवीन वस्त्रसाजे --सिंगारे ॥ ओर ठामठाममें फूलनकेटोकरा भरायकें धरिदीए ॥ फेरि आप सवारिकरिके पधारे ता समयकी शोभा कछुलिखिवेमें न आवे ॥ ठामठाममें आपके आसपास फुलनकिवर्षा होतीजाय ठोरठोर जेजेकार होतीजाय ॥ एसीरीतिसों आपकों नगरमें पधराए ॥ सो आप निजस्थानमें सव वालकनसहीत विराजे ॥

सो रानी आपकेदर्शनकों, चरणपरसकों नित्यआवे ॥ रानीके स्नेहकी सेवाकी वात कछु कही न जाय सो आप विराजे तबतांई सब राजवैभव आपके अर्पन करि कें मान्यो ॥ पाछे थोरे दीनमें सोमवती अमावस आई ॥ सो आपके पूजनके लीए सब साज तैयार करी राख्यो सुवर्णको सिंघासन, छत्र, चंमर ॥ आपको सिंघासनपर पधराए तब रानीनें आपको अकसोआठ तो परिक्रमा करी ॥ सो सो ब्राह्मणतो वेदपढते जाय॥रानीपरिक्रमाकरतीजाय॥सोएकएक परिक्रमामें रानीनें एक एकगाम भेटकर्यो॥सो एकसोआठगाम रानीनें आपको भेटकीनें, सुंदरनएआभूषनपहेराए॥ कपूरकी आरतीऊतारी ॥ ओर विनतीकरी ॥ जो राज एकसो आठगाम आपकों परिक्रमामेंभेटकीएहें सो अपनेआपसंभारो ॥ तब आपनेआज्ञाकरी जो तुमनेभेटकीएहें सो तो ठीकहें ॥ परि या सोमवतीकोतो हमारे एकडोरावी काम न आवे ॥ तब रानीनें सुनीकें वडोसो-

चकीयो जो राज मैंतो आपकीहों जो मेरेतो सवराज आपकोहे ॥ अव राज विचारो तारीतिसों अँगिकारकरो ॥ तव आपनेंएकसोआठगामतो ज्ञातिकेभट्टनकों एकएकगाम दिवायदीयो ॥ ओर सुवर्ण हतो सो ब्राह्मणनकोंदिवायदीयो ॥ आपको एसोत्यागदेखिकें राजसभा सव चक्रतहेगई ॥ एसो प्रताप अतुलित श्रीविट्ठलेशप्रभुनको हतो ॥ फेरि रानीनेंविचारी जो यारीतिसोंतो आपअँगिकारनकीए ॥ सो ईच्छा आपकी ॥ तव रानीनें ओर मनोरथऊठायो जो आप दूसरो विवाह अँगिकारकरो ॥ तव आपने आज्ञाकरी जो छे लालजी ओर चारिवेटीजो तो विराजेहें ॥ सो लोकवत् सुखतो सवकरि चुकेहें ॥ अव फेरिकहाकरनों ॥ तव रानीकोमनमान्योनाँहि ॥ तव श्रीगोकुलनाथजी, श्रीरघुनाथजीसों विनतीकरिकें कहेवाए ॥ जो आप पहेले व्याहकरो तो हमभैयाव्याहकरेंगे ॥नातर

१ आ गामनी उपजो हाल पण तेलगा ब्राह्मणोज लेछे

हमहु विवाह नाँहि करेंगे॥ एसें तीन्योभैयाननें बहू-
तहीवीनतीकरी॥ ओरअडिपकरिलीनी॥ फेरिआपके-
संगमें जोभट्टजीहते तिनकेसंगमें श्रीपद्मावती वहुजी
साक्षात् दूसरोस्वरुप श्रीस्वामिनीजीको अवतार हतो
॥ ऊहीकारन जानिकें दूर्गावती रानीको अतिकरुणा-
सों मनोरथपूर्णकीयो ॥ संवत १६२० कोसाल अक्ष-
यत्रतियाकेदीना श्रीपद्मावती वहुजीकोविवाह अँगि-
कारकीयो ॥ रानीनें विवाहमें मनोरथकोद्रव्य एसो
खरच्यो, सो कछुलिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ आपकों तथा
श्री पद्मावती वहुजीकों भारी भारी आभरन अमो-
लधराए ॥ ओर छेओ वालकनकों तथा सव वहूबे-
टिनको सवनकों भारीभारी आभरन धराए॥ तास-
मयकेसुखको कछूलिखिवेमेंआवेनाँहि ॥ फेरि रानीनें
युगलस्वरुपकों तथा सववालकनकोंअपने महलमेंप-
धराए ॥ तासमयकीशोभा कछूवर्ननमें आवेनाँहि ॥
ठामठाम तोरन पल्लव ओर पुष्पनकीवर्षाहोतीजाय॥

यारीतिसों आपकोंपधराए ॥ फेरि ऊरलेदरवाजेसोंले-
कें आपकेमहलताँई मखमलकेपेंडाविछाय दुंदुभी शंख
सेहेनाँई गोप गंधर्व गाँनकरे ॥ सो कहेतेपारआवेनां-
हि ॥ एसो रीतिसों दोऊस्वरुपनकों आपके हाथसों
सेहेराधराए ॥ सो व्याहउत्सवकोमनोरथ परमानंद
सोंकरे ॥ वहूतसे आभरन वस्त्र भेटकरे ॥ ओर द्रव्य-
वहूतसो भेटकीयो ॥ कपूरकोआरती ऊतारी वहूत-
सीन्योछावरकीनी ॥ फेरि आपकों आनंदपूर्वक नि-
जस्थानमें पधराए ॥ फेरि कोईदीनपीछें आपनें रानीसों
आज्ञाकरी जो तुमारो मनोरथ सव सिद्धिभयो अव
हमकोंविदाकरो ॥ यहसुनीकें रानीपरिजाय ॥ काय-
रहोयजाय ॥ रानीको मनोरथ एसो जो नित्य मेरे-
माँथेविराजो ॥ ओर आपकों तो सव भक्तनकोंसुख
देनोहें ॥ ओर सवव्रजमंडलको सनाथकरनोहें ॥ फेरि
लीलाकरनीहे ॥ ताकारनसों आपऊहाँसोंविजयकीए ॥
तासमय रानीकोंवहूतखेद भयो ॥ पाछें रानी आप-

कीसीमताँई पाँवनसों पोहोंचावनआई ॥ तब आप-
कोईच्छा श्रीमथुराजीमेंबिराजिवेकोभई ॥ सो रानीनें
द्रव्यखरचिकें आपकी बेठकन्यारी ओर सब भैयान-
कीबेठकन्यारी सो एसी रीतिसों सात घर बनवाए
॥ सो तातें सतघराबाज्यो ॥ पाछें कोईकालपीछें रानी
शत्रूकेसंग युद्धकरि लरी ॥ सो एकवेरतो पराजयकरि
॥ रानीके तीरको घावलाग्यो सो वा घावमें तीर पार-
नेकसिगयो ॥ फेरि कमरि बाँधिकें शत्रूको रानीनें
राजयकीयो पाछें रानी फोजलेकें नगरमेंआई ॥ पाछें
ा-घावसों सातमेंदीन रानी आपकें चरणारविंदमें
ाप्तिभई ॥ सो कडामेंतो देहछोडी ओर सवारे-आ-
कीवेठकमेंआयके चरणपरस करती सब वैष्णवननें
खी ॥ एसो अलौकिकसंबंध दुर्गावतीरानीको आ-
नें दीखायो ॥ पाछें पांचमेदीन दूतननें आयकें आ-
कों खबरिदीनी ॥ सो सुनीकें एकमुहूर्त्तलों रानी

१ श्री मथुराजीमां श्री नाथजीनो सतघरो कहेवाय छे
माराणी दुर्गावतीनो बंधावेलो छे.

विरह अँगिकारकीए ॥ ओर सव वैष्णवननें आपने दुर्गावतीरानीकों धन्यधन्यकहे ॥ ओर दुर्गावतीरानीकी असवारीको हाथी जीनको नाम "गुर्दार" हतो ॥ सो वानेंहु तीनदीन ताँई अनजलनखायो ॥ ओर नेत्रनसेंसो जलको प्रवाह वहेतो रह्यो ॥ चोथेदीन हाथीनेंहु देहछोडीदीनी ॥ यद्यपि पशुहतो तोउ वानें स्नेहकोस्वरुपजान्यो ॥ तातें वे हाथीकु धन्यहें ॥ ओर मनुष्यदेहधारिकें स्नेहकोस्वरुपनहीं जान्यो ॥ सो मनुष्य खरसोंहूं नीचजाननों ॥ तातें स्नेहकी वात एसी भारीहें ॥ सो दुर्गावतीरानी स्नेहसोंपूरणहती ॥ सो वाकेसंवंधसों हाथीमें हु स्नेहको आविर्भावहोय गयो ॥ तातें दुर्गावतीरानी महाभाग्यवान भगवद्भक्त हती प्रसंग संपूर्ण ॥

१ आ परम भाग्यवान भगवदियनी वधु माहीतीवाळी वार्ता तथा तेना जीवननु, श्रीगुसाइजी तथा श्रीगोकुलनाथजी प्रत्ये तेना अपूर्व भक्ति भाव प्रीतीनुं वर्णन "श्रीगोकुलेशजीनुं जीवनचरित्र ए पुस्तकमां प्र. १२ मां" जोवु तथा "श्रीव्रजयात्रावर्णन" ए पुस्तक वांचो.

श्रीगुसाँईजीके सेवक रुपमुरारीदास तिनकी वार्ताको भाव

सो वे पृथ्वीपतिके जीवहिंसाकरनवारेनमें नोकं-रहते ॥ एकबेर पृथ्वीपति श्रीमथुराजीमेंआयो ॥ ता-केसंगमें वेहूआये ॥ सोश्रीमथुराजीकेप्रभावसों तथा आपकी कृपासोंवाकीमतिफिरी ॥ सो श्रीयमुनाजीमें विश्रांत घाटपें न्हाए तासमय चोवानसों पूछी जो एसो कोईमहात्मावतावो, जो मोकोंशरणलेकें मेरे-पापसों छुडावें ॥ सो चोवेननें विचारिकें कही जो याकालमें जगत्‌उद्धारकश्रीविठ्ठलनाथजी--श्रीगुसाँई-जीहें ॥ तुम ऊनकीशरणजाओ ॥ तुमारोकार्य सिद्धि होयगो ॥ और भगवद्‌में भक्तिहोयगी ॥ तब ईननें छी जो श्रीगुसाँईजी कहाँविराजेहें ॥ तब चोवेननें कही जो के तो श्रीगोवर्द्धन के श्रीगोकुलमें ॥ सो आपके नीजधामहें ॥ एवात अपनेमनमेंधरि रदास अपनें डेरानमेंआए ॥ फेरि मनुष्य

लपटायो तब मनुष्यननेखबरिकाढो, तहाँ सबननेंकही जो आपतो श्री गोवर्द्धनमेंबिराजेहें॥ यहखबरी निश्चै करिकें भैयारुपमुरारिसों कही॥ सो वे पिछलीरात्रीकों चारिमनुष्य संगलेकें श्रीगोवर्द्धनकोंचले ॥ तहाँआ- यकेपूछी, तब व्रजवासिननेंकही जो आप गोविंदकुं- डन्हायवेकों पधारेहें ॥ सो रुपमुरारीहु गोविंदकुंडपें जायपोहोंचे ॥ प्रातःकाल गोविंदकुंडपेंन्हायकें विरा- जेहते ॥ सो छीतस्वामी, चतुर्भुजदास आदिभगवदीय आपके आसपासबेठेहतें ॥ सो ताही समय रुपमुरा- रीनें आपके सन्मुखआय साष्टांग दंडवत्करि ॥ ओर रुधिरकेभरे कपरा महामलिन पेहेरें ठाडोभयो ॥ ओर बिनतिकरि जो महाराज में महाअपराधि हत्यारोहुं॥ वधिक, अहेडि, वासोंवि में अधिकहुं ॥ एसो मेंहुं॥ ताको आप ऊद्धारकरोगे ॥ तब हँसिकें करुणादृष्टिसों आज्ञाकिनि, जो तेनें अपनिदिसाकहि सो तो ठीकहें परन्तु ओरवि हत्याअपराध होय सो बोलिदे जो मनमें

राखियोमति ॥ उद्धारको कहापूछो उद्धारतो तुमारो होय चूक्योहे ॥ दोहा ॥

एक जीवके कारनें, मार जीव अपार ॥
वधिक अधिकहूतें अधिक, सूनीए कृपा ऊदार ॥
यह सूनीकें करुणा करी, दीनें वेद छुडाय ॥
अति पुनित ततक्षन कीयो, लीयो आप अपनाय ॥

॥ कवित ॥

महा पतित पावन श्री विट्ठलेश जगत गुरु,
ऐसा सूनीके नाम हों आयो हूं शरणकों ॥
केते तीर तरे जात गंग जो अनंत जीव,
देख्यो परचो प्रसिद्धि पाय पंचवरन को ॥
कुरूप मुरारीदास ताही कीये सुख रूप,
अभेपद दान दीए मेंट्यो दुःख मरनको ॥
देखेही देखे वसन सब रुधीर भरे,
तेही क्षन ऊज्वल करे एसें पाप हरनकों ॥ १ ॥

यारीतिसों आपके सन्मुख वीनतिकरि ॥ तब

आपनें आज्ञाकरी ॥ जो कपरा लोहूके ऊतारि देऊ ॥ गोविंदकुंडमेंन्हायआओ ॥ सो वे न्हायकेंआए ॥ तव आपनें नई परदनीपहेरवेकों दीनी, ऊपरना दीनों ॥ सो पहेरिकें आपके सन्मुख आयवेठे ॥ ताही समय आपनें अष्टाक्षरमंत्रदीनों ॥ सो सुनतही सकलहत्यानकों नाश होय गयो ॥ सोवेकपरा लोहूके धरेहते सो देखते देखते विनाधोए ऊज्वल होय गये ॥ तव निश्चें मनमें दृढ आपकेचरणारविंदमेंहोतो भयो ॥ सो काहेते ॥ जो दोऊप्रतापपरचोदेख्यो प्रसिद्धि ॥ जेसें दिव्यदेहहेगई, तेसेंही लोहुकेभरेकपरा दीव्यहेगए ॥ फेरि आपके सन्मुख दोय मोहोर भेट करी साष्टांगदंडवत् करी ॥ फेरि आप ऊहाँसो श्रीनाथजीकेमंदीरमें पधारें ॥ तव रुपमुरारिदासको आज्ञा-

---

मैया रुपमुरारीदासने माथे श्रीगुसांइजीए कृपा करी "श्री मदनमोहनजी" नु स्वरुप पधरावी आप्युं हतुं जे हाल मांडवी (कच्छ) मां श्रीगोस्वामी श्रीपन्नालालजी महाराजश्रीने माथे बिराजे छे.

करि जो आज तुम व्रतकरो, कालि तुमको श्रीनाथ-जीके सन्मुख आत्मनिवेदन करावेंगे ॥ एसें आज्ञा करिकें आपतो श्रीनाथजीके मंदीरमें पधारे ॥शंखनादकरी श्रीनाथजीकोंजगाये मंगल भोगधर्यो॥ जव मंगला-भोग सराय आरतीकरी ॥ तव रुपमुरारीदास दर्शन करिकें परमानंदकों प्राप्तभए ॥फेरि दुसरेदीन श्रीना-जीके सन्मुख रुपमुरारीदासकों निवेदन करवायो ॥ फेरि आप राजभोग आरतीकरी नीचेपधारि भोजन-कीए ॥ फेरि आपने ईनकों झुंठिनकीपातरिधरि, सो झुंठिनमहाप्रसादलेकें इनको हृदय वहुतहीहरखमा-नभयो ॥ फेरिहु मोहोर भेटधरी ॥ फेरि विनतीकरी आपसों विदा होय मथुराजीआए ॥ ओर आपको-चित्र रुपमुरारीदासके माथे पधरायो॥ सो वाकों नि-त्य भोगधरिकें देहनिर्वाह करते ॥ फेरि मुरारीदासनें वडीवडी दाढी केश ऊतरायदीए ॥ तिलक छापा क-रिवेलगे, गलेमें तुलसीकीमाला पहेरिवेलगे ॥ सो या

भेखसों अकबरशाहकी सभाजूरी हती सो तहाँ जायकें ठाडेभए ॥ सो अकबरकी महेरवानी ईनपरबहुतहती ॥ तासमय सब म्लेच्छनकी कचेरीजुरी हती॥ सो रुप मुरारीदासकों देखिकें म्लेच्छ बहुत जरे॥ मनमें द्वेष-करिबेलागे ॥ सबननें विचारी जो अकबरशाहसों कहिकें सब इनकोधर्म छीनीलेइगें ॥ एसो उननें दगा विचार्यों ॥ दोहा ॥

जूरी कचहरी यवनकी, कीनो सब मिलि द्वेष ॥
देखतहीं अकबर कह्यो, यह कहा धार्यो भेष ॥१॥
रुप मुरारि अब भयो, सुनो अकबर शाह ॥
श्रीविठ्ठल शरणे लीए, भए दोष सब दाह ॥ २ ॥
पृथ्वीपति सुनीकें कही, दई बहुत श्याबास ॥
अपनें दीलकी मोजतें, रह्यो मेरे पास ॥ ३ ॥
अतूल प्रताप निज नाथको, मैं कहा करुं बखान ॥
उभय लोक निर्भय कीए, बाजत प्रगट नीशान॥४॥

सो एसो आपको प्रतापके बलसों अकबरको-
सभा जीतिकें आयो ॥ फेरि मनमें यह खटकारह्यो,
जो मेनें ईतनेजीवमारे तिनकी कहागती भईहोयगी
॥ एसेंकरत रात्रमेंसोए ॥ कछूजागते कछूसोए ॥ ए-
सेंमें एसो कौतिक देख्यो जो वे जीव सब मारेहते
सो आयकें वे सब रूप मुरारीदासजीकी स्तुतिकरि-
वेलागे ॥ दोहा ॥

जीतनें मारे जीव सब तीन सब कही सुनाय ॥
हम सब ही महा मुक्ति भए तेरेहाथ बिकाय ॥१॥

सो ईतनीसुनतेंही रूपमुरारीदास बेव्योहोय गयो ॥ सो प्रेमांच रोमांच गदगदकंठ होय गयो ॥ और आपकेस्वरूपको चिंतवनकरि साष्टांग दंडवत् एकसो आठ करतोभयो ॥ और अपने मुखसोंकही ॥ जो धन्य श्रीविठ्ठलेशप्रभु धन्य श्रीविठ्ठलेशप्रभु ॥ जिनके शरणको एसो प्रभावहे ॥ दोहा ॥

रोंम रोंम रसना रटूं धन्य श्री विट्ठलदेव,
ऊलटेको सुलटो कीयो सहज वीरदकी टेव ॥१॥

फेरि तादीनसो अकबरशाह रुपमुरारीदासपें अतिहीदोस्ति करिवे लाग्यो ॥ओर असवारीके लीयें घोडा दीयो ॥ आठमनुष्य रुपमुरारीदासकी नोकरी- में राखे ॥ ओर अकबरशाहने हूकमदीयो ॥ जो जहाँ हम जाय तहाँ हमारी सवारीमें रहो ॥यही तुमारी नोकरीहें ॥ एकवेर अकबरशाह काबुलकोंगए ॥ रुप मुरारीदास संगमें हते ॥सो काबुलमें खबरिनपरे, जो कोंन हिन्दुहे कोंन मुसलमांनहे॥सबको एकसो भेख, एकसोखानपान ॥ सो रुपमुरारीदासनें सामानलेवेकों बजारमें मनुष्यपठाए ॥ वासोंकही॥ जो कोई हिन्दु- की दुकान होय, ताकेसों चाँवल, घो, लूण लेआओ ॥ सो भगवद्ईच्छासों वे माधवदासजीकी दुकानपर

१ आ माधवदासनी वार्ता बसोबावन वैष्णवनी वार्तामां ९ मी छे त्यां जोवं.

जायठाडेभए ॥ तव माधवदासनेंपूछी, जो तुम को-नकेमनुष्यहो॥ तव वे मनुष्यनें कही॥ जो हम रुपमु-रारीदासके नोकरहें ॥ तव माधवदासनें कही ॥ जो रुप मुरारीदासका केसा चलनहें ॥ सो मनुष्यनेंकही ॥ जो ऊनके सेवापुजावहूतहें ॥ ओर श्रीगोकुलके श्री गुसाँईजीके सेवक हें ॥ ओर हमकोवी आपके शिष्य कराए हें ॥ यहसुनीकें माधवदास दुकान वंधकरिकें ईन-केसंगगए ॥ सो जायकें हाथजोरिकें रुपमुरारीदाससों मिले ॥ ओर नेत्रनमेसों आँसूनकी धाराचली ॥ गद-गदकंठ होयगए ॥ छातीसों छाती लगायमिले, ओर कही ॥ जो आज प्रभुननें मो पर अत्यंत कृपाकीनी ॥ मोको अपनो जान्यो, आज तुमारे दर्शनपाये ॥ तव विनती करी जो भाई घरपधारो ॥ तव मुरारीदासनें नाँहि करी ॥ तव वहूतहीं रोयवेलागे ॥ सो माधव-दासको वैष्णव भाव कछुलिखिवेमें आवेनाँहि ॥ सो मुरारीदास माधवदासजीके प्रेमवसहोयकें घरगए ॥

घरमेंजायकेंदेखे तो प्रभुसाक्षात् विराजेहैं ॥ एसो प्र-
भावछायरह्योहैं ॥ फेरि मुरारीदास उहाँ सामग्रीसि-
द्धिकरे, भोगधरि माधवदासजीकेसंग महाप्रसादली-
यो, पाछें माधवदासनें पूछो ॥ जो भाईजी तुम आ-
पकीशरण कैसेंआए ॥ तव रुपमुरारीदासनेंकही जो
भाईजी तुम हमारी कृतितो पूछोमति ॥ जो हमतो
पृथ्वीपतिके यहाँ जीवहिंसामेंहते ॥ सो आपके शरण
आयवेकी व्यवस्था सव माधवदाससों कही ॥ जो
ऐसें मोकोंशरणलेकें परमपुनितकीयो ॥ तव माधव-
दासबोले, जो श्रीविठ्ठलनाथ प्रभुनको एसोप्रतापहैं
॥ फेरि दोऊजनें भगवद्वार्ता करिवेलागें ॥ ऐसे में
उत्थापनको समय भयो सो माधवदासजी ठाडेहो-
यकें अँचलकरिवे लागें ॥ तव रुपमुरारीदासनें पूछी
॥जो भाईजि यह कहा लीलाकरोहो ॥ तव कही॥जो
श्रीनाथजी वनमेंसों पधारेहैं, सो भैयाजीमें श्रीअंगकी
रज झारूंहे ॥ तव कही ॥ जो जंगाली वागोहे॥ जं-

गालो पागहैं ॥ ओर श्रीमस्तकपर मोरचंद्रिकाहे ॥ ओर श्रीबालकृष्णजीको शृंगारहे ॥ सो रूपमुरारीदास कहदीन, कहमहिना, अपने कागदमें लीखीलीयो ॥ तब कछूकदीनमें व्रजमें आए ॥ सो आपके दर्शन कीए ॥ फेरि रामदासजी भीतरीया मिले ॥ तिनसों महिना; दीन पूछ्यो ॥ जो वादीना कहाशृंगाररहतो ॥ ओर कोंन बालकनें धरायो ॥ तब शृंगारकीपुस्तक मुखी-याजीनें काढी ॥ तामें जंगालीवस्त्र, श्रीबालकृष्ण-जीको शृंगार बाँच्यो ॥ सो सुनीकें बहूतही आनंद भयो ॥ ओर कही ॥ जो धन्यमाधवदासजी ॥ जिन पर श्रीगुसाँईजीकी एसीकृपा ॥ फेरि श्रीगुसाँईजीकें आगे काबुलके माधवदासजीको वार्ता भई सो तब विनती करी ॥ तब आपनें आज्ञाकरी जो भगवदी-यनकों देशदोष, कालदोष बाधा न करे ॥ भीतर आ-शय भक्तिदृढ चहिए ॥ तब रूपमुरारीदासनें विनती

कहाविचारीहे ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो तुमारो निरुपाधि ईच्छा आपपूरनकरेंगे ॥ एसें आप वा समय करुणामृतसों दानकरिवेलागे ॥ तादीनसों मुरारिदासकों साक्षात् संवंधहोयवे लाग्यो ॥ सो कछुकदीन देशाधिपतिकी चाकरी करी ॥ फेरि ज्योंज्यों सुखसंवंध आपको हृदयमें विराज्यो ॥ सो लौकिक क्रिया सव छुटिगईहे॥ व्यसनी अवस्थाहे गईहे॥ तव अकवरसों सवननें कही जो ईनसों नोकरी नहीं होतीहे ॥ यह दीमाँना (गांडाजेसा) सा डोलताहे ॥ तव रुपमुरारीदासकों अकवरशाहनें वुलायो ॥ जो तुम कोंन जोगमें हो ॥ तव रुपमुरारीदासनें कही ॥ जो में श्री गोकुलके कन्हैयाके जोगमेंहों ॥ तव अकवरनें कही जो तुम जाओ गोकुलमें कन्हैयाजीकी मोजमें रहो ॥ जो तुमसों नोकरी नहींहोतीहे ॥ सो वाही समय ए विदाहोयकें श्रीगोकुलकों चलेआए ॥ खजानेमेंसों जो खरच चढयो सो लेआए॥ओर घोडा

वेचीडार्यो ॥ फेरि श्रीगोकुल आयकें आपकों साष्टांगदंडवत् करी ॥ जो द्रव्यपास हतो सो आपके चरणारविंदमें भेटकरिदीयो ॥ तव आपनें आज्ञाकरी जो एसें क्यों करोहो ॥ तव विनती करी ॥ जो राजकी ईच्छासों मायामें रह्यो जो अव मायासों छुडावो ॥ तव आपनें आज्ञा करी ॥ जो जाओ न्हाय आवो, झूंठिनिको पातरि धरी हैं सो लेऊ ॥ सो रुपमुरारीदास आपको स्वरुप हृदयमें धरिकें रमणरेतीके वीचमें घनामें निकसीगए ॥ सो एकएक व्रक्षलतासों मिले ओर रुदनकरेहें ॥ तव एसें करत करत रात्रीह्वेगई ॥ तव रात्रके समय साक्षात्लीलाके दर्शनभए ॥ सो रमणरेतीनके टीलानपर प्रभु भक्तन सहित रमणकरे हैं ॥ सो रात्रभरि ईनकोंदर्शन भए ॥ सवारे प्रातःकाल आपकी वीयोगाग्नि हृदयमें प्रगटी ॥ तव वा विरहमें साक्षात् तत्काल लीलामें प्राप्तिभए ॥ फेरि श्रीगुसाँईजीनें राजभोग समय खवरिमँगाई ॥ सो कहूं

पायेनँसहि तव आप प्रभु जानिगए जो ए मनोरथ करी-
आएहते ॥ सो वाको मनोरथ सिद्धिभयोहे ॥ फेरि
रात्रमें खवसिँगाई ॥ घाट तीरपैंसों कछू पायोनाहि
॥ फेरि आपपोढे, सवारे आप जागे ॥ तव आपनें
आज्ञाकरी जो महावन रमणरेतीमाँऊदेखो ॥ जो
ऊहाँ पावैंगे ॥ तव दोयमनुष्य ढूंढिवेकों आए ॥ सो
गोपकूआपें रमणरेतीके वीचमें सोयेपाए ॥ देखेतो
देहमात्रहे ॥ जो प्राण नाँहिहे ॥ ओर देह एसीदेखी
सो जामें कछू त्रास मृत्युको चिन्ह दीसेनाँहि ॥ जो
नेत्र खुले रमणरेतीमाँऊ चाहिरहे ॥ सवननें यह जा-
न्यो जो यह देखिरह्योहे ॥ तव वुलाए सो वोलेनाँहि
॥ तव जानी जो यह कहा कारनहें ॥ सो दोऊजने-
ननें ऊठायो सो प्राणको श्वासनाँहि ॥ ओर मुख ए-
सोदीसे जो माँनो अवीवोलेगो ॥ सो एक मनुष्य
पासरह्यो, एकने श्रीगुसाँइजीसो वीनतीकोनी ॥ जो
राज मुरारीदासजीकोतो यहदसाहे ॥ तव आज्ञा

करी जो मुरारीदासतो दसमी अवस्थाको पोहोंचि गए॥ दोयचारि मनुष्यजायकें लौकिकसंस्कार करि देऊ ॥ एसें सबननें जायकें पांचलकरीसों संस्कारकीयो ॥ सो वाकीदेह अग्निसें एसीसमाई जो होयघरिमें राखहेगई ॥ तब आयकें श्रीगुसाँईजीसों वीनती करी ॥ तब आपनें आज्ञाकरी ॥ जो वाकेभीतर पहेलेंसे एसीअग्नि ऊठी जो भीतर दाह हेगयो ॥ जो देखिवेमें देह हती ॥ एसी आपनें मुरारीदासकी बहुतसराहनाकरी ओर सबवैष्णवननें धन्यधन्य कह्यो ॥ सो ऊनमुरारीदासकी एसी एसी कितनीक वार्ताहें॥ सो कहाँताँई लीखियें ॥ प्रसंग संपूर्ण ॥

अथ श्रीआचार्यजी महाप्रभुजीकी निजवार्ता लीख्यते.

॥ सो एकसमय श्रीमहाप्रभुजी थानेश्वर, कुरुक्षेत्र, सींहनंद पधारे सो या स्थलको आपनें सनाथकीयो ॥ ओर रामानुज, जगतानंद आदिसबनको आपनें शरण लीए ॥ फेरि आप ऊहाँसों विजयकीए ॥ सो

इच्छाविचारीके दोल्लीमें निगंबोधघाटपें न्हायकें आप-
तो ब्रजको पधारेंसो वा समय आपके संगमें रामानुज
पंडित, जगतानंद पंडित, वासुदेवदासछकडा, पूरन-
मल्लक्षत्री, अंबालयके त्रिपुरदास, यादवेन्द्रदास, आदि
भगवदीयनको समाजलेकें दोल्लीकोंपधारे ॥ सोयह-
बात म्लेच्छनने सुनीकें हुमायुसों जायके अरज करी,
जो साहब पहेले जंत्र जो दील्लीमें मथुरा दरवाजेपर
लगाएहते ॥ सो कितनेक हिन्दु होय गएहते ॥ सोई फ-
कीरसाहब पधारेहें ॥ सो न जाने कहाहोनहारहे ॥ एसो
दील्लीमें भारीशोरभयो ओर अपनेदीनके गाममेंहते,
सो फकीरसाहबकों आए जानीकें सब भाजिगए ॥
कोई काजीरह्योनाँहि ॥ सो अब हजरत आप बचावोतो
बचेंगे ॥ नातर सब हिन्दु हो जाताहे ॥ दोहा ॥

नागे पॉयन पाँम पडि, कीने गुन्हा सब माप ॥
हेत हिमायु लिखि गयो, देख्यो अतूल प्रताप ॥१॥
श्री वल्लभ आचार्य गुरु, गोकुल गाम गुसाँई ॥
अकबर ईष्ट राखियो, तेरे सदा सहाई ॥ २ ॥

फेरि हुमायुने यह सब बातसुनी, तब दोयवजीर हिन्दु, सोनेकी सुखपाल, चमर, छत्र, लेकें आपको पधरायवेकों पठाए ॥ सो एकमजल सामने आए, सो ऊनवजीरननें आयकें हुमायुकी आडोकी विनतीकरी ओर कितनीक भेटकरीकें ॥ सुखपालमें आपकों पधराए ॥ ओर वीनती करी, जो आज्ञाहोय तहांताई आपके सामने हजरतसाहव लिवायवेकों आवें ॥ तब आपनें आज्ञाकरी, जो लिवायवेको कछूकामनांहि ॥ जो हम निगंबोधघाटपें न्हायवेकों पधारेंगे ॥ ऊहाँ आयकें दर्शन करे ॥ सो यह हलकारानें आयकें अरजकरी ॥ सो हुमायुनें ऊहाँताँई हलकारानकी डाक बाँधीदीनी, सो घरीघरीमें खवरी मंगावे ॥ ओर दीलीमें तो सुनीकें म्लेच्छ एसे भयभीतभए, सो तीन दीनताँई कोई घरसों वाहिरनीकस्योनाँहि ॥ सो वा समय लालकिल्लासोंलेकें निगंवोध घाटताँई हिन्दुही हिन्दु दिखिवेमें आवे ॥ सो मानों कोई पांडवनको

आपही विगरीजाओगे॥ फेरि हुमायुसों कछू जुवाव आयोनाँहि॥ ओर हमारी मथुरामें तुमारेकाजीनें ऊपद्रवकरिराख्योहें, सो देवकेमंदीरमें झालरि, घंटा. शंख, वजिवे नहीदेयहे ओर दीवा जोडन नहीदेयहें॥ वाको तुम ऊहाँ हूकमपठावो॥तव हम यहाँसोकूच करेंगे॥ नहीतो तुमारेऊहाँ मसीद कवर जेसें ऊननें कीया तेसें हमकरेंगे॥ फेरि कहोगे तुम, के तुमने यहवात हमसों कहीनहीं॥ फेर एसाहोगा के हमारा देव एसी करामात दिखावेगा, के तुम सवलोग यहाँ नही रहेंनपावोगे॥ एसा कामकरो तो॥ यह सुनीके हिमायू वहुत कंपायमानभए॥ फेरि कछू जुवाव आयोनाँहि॥ फेरि वाहीसमय हूकमदीयो के वा काजीकों सजाहोई॥ ओर मथुरामें पहेलें जेसें झालरि घंटा सव वाजते, तेसेंहीवजे॥ यहहूकम मथुरांजीमें आठ प्रहरमेंपहोंच्यो॥ तव मथुरांजीमें वडोआनंद भयो॥ सो सव मथुरीयाचोवे आपकी जे मनावत-

१९

भए ॥ ओर श्रीमथुरांजीकी शोभा पहेलेही ॥ तासों अधिकी भई ॥ सो यह परमाँना मथुराजीसों हिमायुपासपोहोंच्यो ॥ सो परमाँना हिमायुने सूनायो ॥ तब आप ऊहाँसो विजय कीए ॥ सो हिमायुको आडिसों पालखी छत्र भेट कर्यो, ओर विनती करी ॥ जो फकीरसाहब जा जा देशमें पधारो तहाँतहाँ यामें बेठिकें पधारो ॥ तब आपनें आज्ञाकरी ॥ जो हम ब्रजके सिमाँनेताँई लेजायकें फेरि पठायदेंईगे ॥ फेरि आप निगंबोधस्नानकरिकें हिमायुकोभेटकोमोहोरहती, सो ब्राह्मणनकों बाँटिदीनी ॥ ओर आप सुखपालमेंबिराजीकें लालकिल्लाके नीचेहोयकेंपधारे ॥ सो हिमायुने दर्शन कीये ॥ ओर कोऊ म्लेच्छ भयकेमारे निकस्योनाँहि ॥ फेरि अगारि ब्रजकों पधारे, सो ब्रजके सिमाँने पें सों पात्साहको सब लाजमाँ फेरि दीयो ॥ सो यह आज्ञाकीनी, जो जब हम मँगावे, तब लाईयो ॥

प्रसंग द्वितीय.

फेरि आप प्रथम श्रीमथुरांजीपधारे ॥ सो सब मथुरीयाब्राह्मण चोवे आपकों लिवायवेकोंआए, सामने ॥ जे जे बोलत पधरायलेगये ॥ सो वा समय एसीशोभा होतीभई जो मानों कंसकोमारि विश्रांतिपें पधारे ॥ सबमथुरामें महामंगलशब्द होतोभयो ॥ सबननेंवोनतीकरी जो मधुपुरीकों फेरि आपनेंसनाथ करी ॥ सो यह धर्म सब आपनेंराख्यो ॥ यह एसो अवतार आपको जुगजुगमें होऊ ॥ सो एसो सबचोवेननें आशिरवाददीयो ॥ फेरि आप तहाँते श्रीगोकुलपधारे ॥ फेरि कछूकदीनपाछें दील्लीपति हिमायुकीदेहछूटी, तापाछेंअकबर तखतपरवेठे ॥ पहेलें हिमायुके वखतके लिखे किताबके कायदा चलिवेलागे ॥ सो जा किताबमें श्रीमहाप्रभुजीको उत्कर्ष चरीत्रवांच्यो ॥ ओर हिमायुने जो दोहा लिख्यो सो वाँच्यो ॥ फेरि मनमें यह चटपटोलागो जो श्रीगोकुल

जायकें आपकेदर्शनकरुं तो मेरोराज कायम वरकरार रहे ॥ ताकेलीये राजाटोडरमल, वीरभाँन, सूरजशास्त्री, कानकुवज, कविराजभाट ईन चारोंनकों श्रीगोकुलपठाये ॥ ओर वीनतीकराई ॥जो राजके दर्शनको मेंआऊ ॥ तव ईननें श्रीगोकुलआयकें आपसों वीनतीकीनी, तव आपने आज्ञाकीनी ॥जो जेसे हिमायु निगंवोध घाटपें आयो॥ता रीतिसों दर्शन करी जाय ॥ यह आज्ञा चारोंजनेननें जायकें अकवरसोकही ॥ तव अकवर वाहीरीतिसो आपकेदर्शनको श्रीगोकुल आयो॥कोई म्लेच्छ संग नॉहि लायो॥ जो प्रातःकाल आप ठकुरानी घाट ऊपर विराजेहते ॥सो पहेलेआपको खवरिकराई ॥ जो राजके दर्शनकों अकवरआवेहें ॥ तव आपनेंकही ठीकहें॥ सो चारि वजराकीसाहवी संगलेकेंआयो ॥ ओर कछुनही लायो ॥संगमें सवमनुष्य धर्मज्ञलायो ॥ सो आपकेसामनें साष्टांगदंडवत्‌करिकेंगियों ॥ मानों अक्रुरजीकी नॉंई वं-

दनाकरतभयो ॥ अपनें जन्मकों ओर राजकों धन्य धन्य कहेतोभयो ॥ जो हिमायु तो हतोही परि अकवरकी भावभक्ति कछु कहीनजाय फेरि सहस्रावधिमोहोर आपकेअगारि भेटधरि वीनतीकरी ॥ जो मुजे एसी द्वा दो जो राजके कदमोंमें मनलगारहे ॥ तव आपने श्रीमुखसों आज्ञाकरी ॥ जो तथास्तु ॥ सो वा समय आपको एसो दर्शनभयो, के अक्रुरजीकों वृन्दावनमेंभयो ॥ ओर एक चीतेराकों हुकमकीयो जो आपकी तसवीर ऊतारीकें मेरे पास ले आईयो ॥ ओर अकवरकों यह निश्चेंभयो जो अव मोको गलीमकोडर नहीरह्यो ॥ एसें वहूत प्रणिपथ करिकें आगरेगए ॥ ओर अपनी कीतावमें सवकायदा लिखि ले गए ॥ फेरि वह चीतेरा श्रीगोकुलमेंरह्यो ॥ सो छे महीना रह्यो ॥ सो तोऊ कलमपेंचित्र लिख्यो नाँहिजाय ॥ जो अकवरकेयहाँसों वेरवेर खवरिआवे ॥ जो चित्र वेगीलावो ॥ सो चीतेरा घवरायो ॥ जो चित्र न ऊत-

रेगो तोया वातमें मेरो जीव जायगो ॥ सोतव चितेरानें आयकें साष्टांगदंडवत्करी ॥ ओर वीनतीकरी, जो राज मोकों आपकेचित्र ऊतारिवेको अकवरकहिगयो हे ॥ सो छे महिनाभए चित्र कलमपर आवेनाँहि ॥ सो राज में जायकें कहा मोहोंडोदीखाऊं ॥ मेरी राजने कहा विचारीहें॥सो आज्ञाकरें ॥ तव वाहीसमय करुणादृष्टिसों आप वाकेसामेंचितये ॥ तव आज्ञाकरी ॥ जो कपराऊतारि श्रीयमुनाजीमेंन्हायआऊ ॥ तव न्हायकें आपके सन्मुखवेठ्यो ॥ तव आपनें नामश्रवणकरायो ॥ जो आपनो स्वरुप वाकेहृदयमें स्थापन कीयो ॥ वाहीसमय आपनें आज्ञाकीनी ॥जो अब तूं चित्रऊतारि ॥ सो स्वरुपतो आपने महान् अलौकिक रीतिसों दर्शनदीयो ॥ सो स्वरुप तो वानें हृदयमें पधरायो ॥ओर जो स्वरुप जगत्प्रसिद्धि दर्शनदेयहें ॥ सो वा रीतिसों वानें चित्रऊतार्यो ॥ सो वा चित्रमें ईतनी विलक्षणता भारी होतीभई ॥ जो भावीकहते

तिनको भावात्मक दर्शनहोतो, चित्र आपको ऊतारि कें रोंमरोममें आपकोस्वरुप वाकें भरिगयो ।।फेरि एसी प्रतिज्ञाकरी ॥ जो आजपीछें कोई जीव मात्रको चित्र ऊतारनोंनाँहि ॥ फेरि आपकों दंडवत्करि विदा-होयकें अकवर पास आयो ॥ तव अकवरनेपूछी ।।जो ईतनेरोज तुमनें क्यों लगाए ॥ फेरि चितेरेनें दसवीस चित्र कलमसोंऊतारे हते सो दीखाये ॥ओर कही।। जो मेनें अपनीवुद्धिकाजोर वहूतकीया ।। मोसों चित्र ऊतर्यानहीं ॥ जो कोई मनुष्यहोई, ताको चित्र ऊ-तारुं ।। ए तो साक्षात् गोकुलकेकन्हैयाहें ।। ए कृपा-करे ॥ तव ईनकी तसवीरऊतारीजाय ।। तातें मोकों ईतनेरोज रहेनोपर्यो ॥ सो यह चित्र अकवरकेहाथमें दीए ।। तव अकवरकों वा चित्रकोमहान् अलौकिक-दर्शनभयो ॥ तव अकवर दर्शनकरतेंही स्वरुपाशक्ति वहूतही हेगयो ॥ ओर चीतेरासों प्रसन्नहोयकें कह्यो, जो तूँ कछू ईनाममाँगि ।।तवईननें कही ॥ जो हज-

१. आ चित्रनी वार्ता माटे वांचो "८४ वैष्णवनी वार्ता" "श्री सूरदासजीनुं जीवन चरित्र" ए ग्रंथो

रत या चित्रसिवाय ओरजीवका चित्र न ऊतारुं ॥ यह आपसों माँगताहूं ॥ सो अकवर जानिगयो जो ईनपर आपकोकृपाभई हे॥फेरि अकवरनें अपने पहेरवेके कडे जडावके वक्षीसमेंदीए ॥ ओर हूकमदीया जो गोकुलके कन्हैयाकी लीलाकी तसवीर लीखाकर ॥ ओर कछू मतिलीखीयो ॥ सो वाकेहाथकें श्रीनाथजी, श्रीनवनीतप्रियाजी, श्रीगुसाँईजी, इनके सातलाल-जीके चित्र अवीकहुं कहुं वियमानहें ॥

श्री गुसाँईजीकेसवक ताजवीवीकी वार्ताको भाव

फेरि वह आपकोचित्र अपनेमहलमें स्थापनको-यो ॥ सो नित्यपहेलें जागे तव आपकेदर्शनकरे॥ फेरि ओरके सामनें झांकतो एसो अकवरकेंनेमहतो॥ फेरि वह चित्र ताजनें अपनेमहलमेंपधरायो ॥ सो अकवर ऊहाँ नित्यदर्शनकरिवेकोंजातो ॥ ताजकों वा चित्रमें स्वरुपासक्तिहेगई ॥ और ताजकों अकवरनें महलमें

बेठाई, ता दीनसों रायवृन्दावनदासकीबेटी ओर बी-
रवलकीबेटी शोभावती सो ईनको रातदीनसत्संग
..ाजकोरह्यो, फेरिएकदीन ताजनें शोभावतीसोंकह्यो
जो एसाजंत्र आपकेपासतेमँगादो, जो अकबर मेरे
वश होय जाय ॥ सो शोभावतीनें श्रीगुसाँइजीको
वेनतिपत्रपठायो ॥ तामें ताजकोविनती लिखिपठा-
ई ॥ जो एसा जंत्रमुजेलिखिपठावो ॥ सो अकबर मेरे
.शहोयजाय ॥ तब में आपकेचरणकोसेवाकरों ॥ सो
मुख्य मनोरथयहहैं ॥ तब आपनें एक दोहा लिखि-
ठायो सो दोहा ॥

कँामन टोंमन टोटिका, ए सब डारो धोय ॥
पिया कहे सो किजिये आपहोते वश होय ॥१॥

या दोहाकों तुम सोनेकीचोकीमें मढायकें अ-
नेगरेमेंराखियो ॥ तरो सब मनोरथ पूरनहोयगो ॥
ा दीनसों वानें अपनेगरेमें जडायकें राख्यो ॥ ता
ोनसों आपकीकृपासों अकबर वाको गुलाम

आवतो ॥ फेरि ओर सोतिनकों दुःख भयो, तिननें अकवरसों चुगली खाई ॥ जो हजरतसाहव हम एसा सूनेहें ॥ जो ताजनें आपकेऊपर कॉमनकीयाहे ॥ सो ताजके गरेमेंहे ॥ कवी आपकेंदीलकों वहजंत्र नकलीम करेगा ॥ जो वेर वेर आप वाकेपास जातेहो ॥ सो विचार नहींकरतेहो ॥ याके गरेकाजंत्र देखाचाहिए ॥ नहींतो फेरि आपकों वडादुःख होयगा॥वाही समय अकवर ताजकेपासगयो ॥ जायकें वा जंत्रको हेवालपूछयो, ताजनेंकह्यो मेरे गरमें जंत्रहे अकवरनें कह्यो मोकों खोलिकेंदिखायदे॥ तव ताजने वहूत नाँहि करी, तव अकवर हठ चढिगयो, वानें मॉनीनाँहि॥ फेरि वानें वाहीसमय तोरिकें वा जंत्रकों वँचायो॥ तामें यहनिकस्यो ॥ दोहा ॥ कॉमन टॉमन टोटिका, ए सव डारो धोय ॥ पिया कहे सो किजिये, आपही तें वश होय॥१॥ सो अकवर वांचिकेवहूत प्रसन्नभयो, ताजकों धन्यधन्य कहेतोभयो, ओर कही जो एसा-

जंत्र कहॉसेमँगाया ॥ तव कहीं जो यहजंत्र श्रीदीक्षीतजोने भेजाहे ॥ अकवरसुनिकें आपकी वहूतस्तुति करि वेलाग्यो, जो मुजे आप एसाचाहतेहें ॥ जेसा मुजे मेरा साहव चाहताहें ॥ तिसें अधिकामुजे श्रीदीक्षीतजी चाहतेहें ॥ ता दोनतें ओर हूं आपकेचरणारविंदमें विश्वासहोतोभयो ॥ तासों ताजसोंकही ॥ जो में तुमसों वहुतखुशहों ॥ जो तूं या समय मुजपेंमाँगे सो देऊं ॥ तव ताजनें यह माँग्यो॥ जो आप मोपें खुश हो तो यहदीजें ॥ जो श्री दीक्षीतजीकी द्वा ओर मंत्र लेऊं ॥ तव अकवरनें कह्यो ॥ जो में वहुतखुशहों, तूँ श्रीदीक्षीतजीको द्वा मंत्र ले ॥ जो अपने दीनवाला मुजे कोई कछूकहिसकेगा नाँहि ॥ यहसुनिकें ताजनें मनमेंजानी ॥ जो प्रभुननें मेरो मनोरथ पूरनकीयो ॥ फेरि अकवरतो अपनी खासकचहरीमें गयो॥ओर ताजनें वीरवलकी वेटीकीमारफत वीनती पत्रपठायो ॥ तामें लिख्यो जो आपपधारिकें

मुजेशरण लीजें॥ मेनें अकवरसों हूकम माँगिलियाहे आप या वातमें शंका संदेह करेंनाँहि ओर शोभाव-तीने जो व्यवस्थाभई हती, सो सवलिखिपठाई॥सो पत्र वाँचि कछूकदीनमें आप पधारें॥सो श्रीयमुनाजीके तीरपें वीरवलको वाग हतो तामें आपनें जायकें डेरा-कीए ॥ सो ताहीकी वरोवर ताजकोवागहतो ॥ सो यहखवर अकवरकों भई ॥ तव अकवरने पंडितन कों वुलायकेंपुछो ॥ जो अपनेगुरु-पीरकेपास कहारीतिसों जानों?॥तव पंडितननेकही ॥ जो देवका जहाँ मंदी-रहोय, वा ठीकाने पहेले पोरिसों साष्टांगदंडवत्करि देवकेदर्शनकरने ॥ ओर गुरु अपने स्थापनपेंपधारे॥सो पहेले अपनेमहेलके दरवाजेसों साष्टांगदंडवत् करिकें अपनेनिजस्थानमेंपधरावने ॥ ओर अपने सामर्थ अनु-सार भेटधरनी ॥ तव अकवरने वाहीरीतिसोंपधराये॥ सो काहू म्लेच्छ काजीकोचलो नाँहि॥ फेरि दुसरे-दीन ताजको हुकमदीयो ॥ जो श्रीदीक्षीतजीपधारे-

हैं ॥ तेरो मनोरथहोय, तो तूं शरण जा ॥ यहहुकम-
लेकें डोलामें बेठिकें अपनेबागमें आई ॥ फेरि बीर-
बलकेबागमें भीतरकेरस्ताहोयके आपके चरणारविंद
पासआई ॥ तब जायकें साष्टांगदंडवत्करिकें दर्शन-
कोए ॥ वा समय ताजकोस्नेह कछू लिखिवेमें आवे
नॉहि॥ याके शरीरमें अन्य संबंध अन्याश्रयको गंध-
बीनॉहि ॥ एसो सत्पात्रदेखिके आपने शरणलीनी॥
ओर आपनें वाको दासीभाव दान कर्यो॥ फेरि तन
मन धन आपकी भेटअरपणकर्यो ॥ ओर बीनतीक-
री ॥ जो राज अब में कहारीतिसो निर्वाह करुं॥
तब आपनें आज्ञाकरी ॥ जोश्रीमहाप्रभुजीको चित्र
तो विराजेहैं ॥ ताको दर्शन करियो॥ ओर शोभावती
ओर रायब्रंदावनदासकीबेटीको सत्संगकरियो ॥ ईत-
नी आज्ञा ताज अपनेंमांथेपें धारिकें अपनेमहलमेंगई
॥ सो ताजनें अपने दोयमहल न्यारेकरे ॥ एक मह-
लतो श्रीमहाप्रभुजीकेचित्रकों ओर सेवासत्संगको ॥

ओर दूसरेमहलमें अकबरआवे ॥ ओर श्रीनाथजी ताजकेसंग सतरंजखेलें ॥ फेरि निजमंदिरमेंपधारे ॥ तादिनसों श्रीगुसाँईजी श्रीनाथजीसोंपूछे, जो एसे नेत्र आरक्त आलस्यभरेहें ॥ सो रात्र कहांरहे ॥ तब आज्ञाकरी ॥ जो आज रात्रकों ताजकेसंग सतरंजखेलें, तहाँरहे ॥ तासों नेत्र आरक्तहें ॥ ता दिनसों श्रीनाथजीके राजभोगमें सतरंज बिछिबेलागी ॥ एसें श्रीनाथजी ताजऊपर कृपाकरते तब ताजनें श्रीनाथजीसों बिनतीकीनी ॥ जो मेरे महलमें नित्यविराजो ॥ तब श्रीनाथजीनें आज्ञाकरी ॥ जो श्रीमहाप्रभुजीको चित्र विराजेहें ॥ सो मेरोही स्वरुपहे ॥ सो चित्र श्रीमहाप्रभुजीको ताजकेमाँथे विराजेहे ॥ तापीछें जहाँगीरशाह तथा शाहजहाननें नेमपूर्वक दर्शनकरे ॥ पाछें केतेकदीन ॥ पोछें कृष्णगढके राजानें शाहजहांनको लडाईमें सहायता करी याकेई नाममें वह चित्र कृष्णगढकेराजाको मिल्यो सो आप पधरायलेगए ॥ सो कृष्णगढके राजाकेमहलमें अजहुं आपकोस्वरुप विराजेहे ॥

कृष्ण लीयो अवतार ॥ २ ॥ एक वडाई आपको, कहे तव आवे लाज ॥ यह सुनिकैं अकवर कह्यो, धन्य धन्य सव राज ॥ ३ ॥ धन्य भाग्य मम या समैं, पंडित करो विचार॥श्री वल्लभ वल्लभ सुवन, नव निधि कृष्ण अवतार ॥ ४॥ यारीतिसों अकवर अपनेराजकों धन्यमानतोभयो ॥ ताजको वहूतकाँनि राखतो ॥ओर आगरेमें गोकुलपुरा ताजनेंवसायो ॥ तामें सव भगवदीयरहिवेलागे ॥ ओर कछूकदीन ताजनें [1]श्रीललित त्रिभंगीरायजीकी सेवाकीनी सो अपने महलमें पधराए ॥ सो शोभावती ओर रायवृन्दावनदासकी वेटी परचारगीमें रहेती ॥ तापाछें श्रीललितत्रिभंगीरायजी

૧. આ શ્રીલલિતત્રિભંગીરાયજી-શ્રીચંદ્રમાજી શ્રી મવાઇમાં શ્રી ગિરિધરલાલજી સુરતવાળા મહારાજને માથે બિરાજે છે. હું આ (હાલ શ્રી ગોકુળમાં બિરાજે છે) ઘરસે ઉદેપુર ગયો હતો ત્યાં શ્રીવૃન્દાવનચંદજી ઠાકોર બિરાજે છે, ત્યાંના વૈષ્ણવો કહે છે કે આ સ્વરૂપ તાજબીબીના શ્રીઠાકોરજી છે અને ઉદેપુર નરેશ મહારાણા શ્રી ફતેસિંહજીને માથે બિરાજે છે. આ સ્વરૂપનો પ્રાચીન વાર્તા તથા ઉદેપુરનાં બીજાં મંદિરોનુ વર્ણન માટે જુઓ "તીર્થયાત્રાનો હેવાલ" એ પુસ્તકમાં પ્રકરણ ૨૦ માં પુરી હકીકત આપી છે.

दंडोत धारमेंविराजे ॥ फेरि श्रीगुसाँईजीके घरपधारे ॥ एक समय फागुनकोमहिनाआयो ॥ सो ताजकों वहूतही विरहउलट्यो ॥ खानपानकीसुधिरही नाँहि ॥ फेरि आपकीकृपातें ताजकों ऊहाँई सकललीलासमेत श्रीठाकुरजीके होरीखेलके दर्शनभए ता समय ताजनें धमारिगाई राग नट ॥ बहुरि डफ वाजन लागे हेलो तुम सुनीयो सकल सहेली ॥ ओर छेल्ली तुकमें यह गाई ॥ निर्तत आवत ताजकेप्रभु गावत होरी गीत ॥ फेरि लीला विस्मरण भई, तव याकों अत्यंत विरह-ऊठ्यो ॥ तासमय रायवृन्दावनदासकी वेटी ओर शोभावतीपासहती ॥ तासमय ताजनें महाविरहमें चारिदोहाकहें दोहा ॥ प्रीतम वसत पहाडपें, हम यमुनाके तीर ॥ अवको मिलनों कठिनहें, पाँवन परी जंजीर ॥ १ ॥ अगर आगरो मो रह्यो गिरि पर वसे मो नाथ, तोरि जंजीर जोमसों, ओर में प्रीतम के पास ॥ २ ॥ ईतनीकही धरनी गिरि, जिन सखी उर

लाय ॥ प्राण प्रियाके प्रेमसों, सींची धीर धराय। ३॥ निसा अंत महा विरहमें, दरशन दीयो व्रजराय ॥ अकवर शाह मथुराचले संगलीये तियताज॥४॥फेरि तीन दीनतांई अकवरशाह ताजकी खवरलैंनकोआए॥ सो

पर मुकुटकाछनिकोशृंगारहतो ॥ ओर वाही ताजको धमारकों कुंभनदासजी तथा गोविंदस्वामी आदि भगवदीय गायरहेहते ॥ एसो सुख समयको ताजकों दर्शनभयो ॥ सो वा समय श्रीनाथजीनें ताजके सन्मुख कटाक्षचलाए ॥ सो मिलिवेकों दोरि, सो मणिकोठाकी देहरीनपें चढिगई ॥ सो रायवृन्दावनदासकी वेटी तथा शोभावतीनें थाँभिलीनी ॥ सो ईनके प्राण अलौकिक देहधारिकें वा लीलामें प्राप्तिभए॥ ओर लौकिकदेहकों वे दोऊ जनी नीचेंलेआई ॥ सो दंडोतीसिलाकेपास गोदमेंसों ऊतारिकें वेठारी॥ सोवा समय शरीरमें कछू श्वासको अंसनाहि रह्यो ॥ जो खालि थिरदेह रहीगई ॥ फेरि ईनदोऊननें वहूत चेतनाकराई ॥ सो तव जीव होयतो चेतनाहोई, तव जानी जो अव जीव नाँहिहे ॥ तव सवननें यह जानी जो अकवर शाहसों ताजकी एसी मोहोवत्त हती ॥ सो वह सुनेगो तो कहाजानें कहाकहेगो ॥ तववाहो

समय अकवरकों खवरिभई ॥ जो ताज देवकेदर्शनको गई, सो दर्शन करती करती विकलहोय गई ॥ सो नीचें ले आए हे सो वाको जीव तो वा देवके कदमोमें जाय पोहोंच्यो हे॥ तव यह सुनीकें अकवरने कह्यो ॥ "जो जहांकीवस्तुहती सो तहाँ पोहोंची" ॥ याही वास्ते ताज मुजे यहॉ लिवायकें ले आई ॥ सो अव मेनें वहूत सुखसें ताजका मरना जान्या ॥ सो एसें कहिकें अकवरनें ऊहाँसो कूचकीयो ॥ तव सवनको चेनभयो ॥ सो ताजको जन्म एक नाम मात्र म्लेच्छकोहें ॥ सो शरणेआई ता दिनसों अपने महलमें श्रीठाकुरजीकी सेवा करिवेलागी ॥ अंतमें श्रीनाथजीके चरणारविंदमें पोहोची सो एसी ताज आपकी महान्‌कृपापात्र भगवदीयहती ॥ सो याके चरित्र अनंतहें सो कहाँताई लिखियें ॥

इतिश्री गुसांइजीको सेवक ताजवीवीकी वार्ता संपूर्ण॥

आ परम भाग्यवान ताज पंजाबी हिन्दु स्त्री हतां. महान् अकबर नरेशे तेने लावी पोतानी अर्धांगना करीने राख्यां. ताज पोतानी साहेलीओना सत्संगथी श्रीगुसांइजीने विज्ञप्ती करावी सेवक थई. अकबरशाह पण श्रीगुसांइजी परत्वे अत्यन्त प्रीति धरावतो. पोताना महेलमां श्रीकृष्णभगवान, श्रीमद् वल्लभाचार्यजी, श्रीगुसांइजी आदिनां चित्रो राखतो तेणे पण ताजनी इच्छाने आधीन थई श्री गुसांइजीना सेवक थवा आज्ञा आपी जेथी ताजने सर्वत्र सुख--शान्ती थई, सेवक थइ, श्री ललितत्रिभंगीरायजी–श्री चंद्रमाजी–श्रीस्वामिनीजी सहित युगल स्वरुपनी सेवा पधरावी. (आ स्वरुप अत्यारे श्री मुंबाइमां सुरतवाळा श्रीमद् गोस्वामी श्री गिरिधरलालजी महाराजने माथे भुलेश्वरमां विराजे छे. हालमां आ स्वरुपो श्री गोकुलमां विराजे छे.) प्रभु परायणजीवन गाळवा मांडयुं. जे नीचेनां कीर्तनो उपरथी जणाशे.

सुनो दिलजानी मेरे दिलकी कहानी तुम, इस्म की विकानी वदनामी भी सहूँगी मैं, देवपूजा ठानी मैं निवाज हू भुलानी, तजे कलमा कुरान सारे गुनन गहूंगी मैं, श्यामला सलोंना सिरनताज सिर कुल्हे-दार, तेरे नेह दागमें निदाघ ह्वै दहूंगी मैं, नन्द के कुमार कुरवान ताणी सूरत पैं, ताँण ज्वाल प्यारे हिन्दुवानी ह्वै रहूंगी मैं.

छैला है छली है महावली महीपति है, जाको नाम लेत होत सफल जन्मारो है, चित्र है विचित्र है अनीत्र है न चित्र एसो, देखके व्रजांगनान अत्र तू तुम्हारो है, वाँको हैं त्रिभंगी है स्वयंभू है सना-तन है सव जीवजंत पशु पंछीको संम्हारो है, चोर है लवार है सुलंपट चटोकरी है, टेडी टांगवारो इष्ट दैवत हमारो है.

छैल जो छवीला सव रंगमें रंगीला, वडा चित्त का अडीला सव देवतासें न्यारा है, माल गले सोहे

नाक मोती श्वेत सोहे कान, कुंडल मन मोहे लाल मुकुट सीस धारा है; दुष्ट जन मारे संतजन रखवारे, ताज चित्त हितवारे प्रीत करन वारा है; नंदजूका प्यारा जिन कंसको पछारा, वह वृन्दावनवारा कृष्ण साहिब हमारा है ॥

वळी ताजने श्री ठाकोरजीनी होरी लीलानो साक्षात् अनुभव थयो तेज वखते पोते एक धमार गाई छे ते नीचे मुजब.

॥ राग नट ॥

वहोरी डफ बाजन लागे हेली । खेलत मोहन सांवरो हो, किहि मिस देखन जाय । सास नणद वैरिण भई, अब कीजे कौन उपाय ॥१॥ ओजत गागर डारिये, जमुना जलके काज । यह मिस बाहर निकस के, हम जाय मिले तजि लाज ॥२॥ आओ बछरा मेलिये बनको देहि विडार । वे देहे हमही पठे हम रहेंगी घरी द्वै चार ॥३॥ हाहारी हो जात हो मं

नाहिन परत रह्यो । तू तो सोचतही रही तें मान्यो न मेरो कह्यो ॥४॥ राग रंग गागड मच्यो नंदराय दरबार । गाय खेल हँस हँस लीजोये फाग बडो त्योहार ॥५॥ तिनमें मोहन अति बने नाचत सबे गुवाल। वाजे बहुविधँ वाजही, रुंज मुरज डफ ताल ॥ ६ ॥ मुरली मुकुट विराजही कटिपट वांधे पीत ॥

आटलुं गातांज ताजे प्रभुनी दिव्य अने रसात्मक–होरीलीला नित्यलीलामां प्रवेश कर्यो तेथी अधुरुं रहेलुं कीर्तन श्रीठाकोरजीए पूर्ण कर्युं.

नृत्यत आवत ताजके प्रभु गावत होरी गीत॥७॥

ताजे प्रभुलीलामां प्रवेश कर्यो तेथी तेना लौकिक पंच महाभूत प्रणित देहने तेमनी सखीओए श्रीगिरिराज उपरथी नीचे लावी अग्नी संस्कार कर्यो. बादशाह पोताने घेर आग्रा गयो. आ ताजनुं समाधि स्थान श्रीसुरभीकुंड उपर होवानुं मनाय छे.

[जुओ, " वैष्णवधर्मपताका " मासिक वर्ष २. अंक. १.]

समाप्त

श्रीकृष्णाय नमः ॥ श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ॥

॥ श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्योनमः ॥

॥ दीनता आश्रयके पद ॥

॥ मंगलाचरण ॥

नाश्रितोवल्लभाधीशो न च दृष्टा सुबोधिनी ।
नाराधिराधिकानाथो वृथा तज्जन्म भूतले ॥ १ ॥

माहात्म्यके पद

राग विलावल — शरन प्रतिपाल गोपाल रति वर्धिनी ॥ देत पति पद प्रिय कंत सन्मुख करत अतुल करुणा मई नाथ अंग.अर्धनी॥दीनजन जान रस-

पुंज कुंजेश्वरी रमत रस रास पियसंग निश शर्दनी॥
भक्तिदायक सकल भवसिंधु तारिणी करत विध्वंस
जन अखिल अघ मर्दनी ॥ रहत नंदसूनु तट निकट
निशदिन सदा गोप गोपी रमत मध्य रस कंदनी ॥
कृष्ण तन वरण गुण धर्म श्रीकृष्णके कृष्ण लीला
भई कृष्ण सुखकंदनी ॥ पद्मजा पाय तुव संगही मुर-
रिपु सकल सामर्थ्य भई पापकी खंडनी ॥ कृपारस
पूर वैकुंठ पदकी सिद्धी जगत विख्यात शिव शेप सिर
मंडनी ॥ पर्यो पदकमलतर और सव छांडके देख दृग
करदया हास्य मुखमंदनी ॥उभय करजोर कृष्णदास
विनती करे करो अव कृपा कलिंद गिरि नंदिनी॥१॥

कमल नयन कमलापति त्रिभुवनके नाथ ॥
एक प्रेमते सब जो मन होवे हाथ॥सकल लोककी
संपदा जो आगे धरिये ॥ भक्ति विना माने नहि जो
कोटिक करिये ॥ दास कहावन कठिन है जोलों चि-
त्तमें राग ॥ परमानंद प्रभु सांवरो पेयत वडभाग ॥२॥

राग मालकोस वंदु चरणसरोज तिहारे॥ श्याम श्रीअंग कमलदललोचन ललित त्रिभंगी प्राणपति प्यारे ॥ जे पद पद्म सदाशिवको धन सिंधुसुता उरतें नहिं टारे ॥ जे पद पद्म परसि जलपावन सुरसरी दरस कटत अघ भारे ॥ जे पद पद्म परसि ऋषिपत्नि नृग और व्याध पतित वहु तारे ॥ जे पद पद्म तात रिपु त्रासत मन कर्म वच प्रल्हाद सम्हारे जे पद पद्मरमित वृन्दावन अगनित प्रवल मल्ल वहुमारे॥ ॥ जे पद पद्म रसिक ब्रज युवति सुतपति तन मन धाम विसारे ॥ जेपद पद्म भ्रमति पांडव दल सारथि व्हे सव काज सुधारे ॥ सूरदास तेई पद पंकज त्रिविध तापके हरन हमारे ॥३॥ राग सोरठ जापर कमलाकंत ढरें ॥ लकरी घासको वेचनहारो तासिर छत्रधरे ॥ विद्यानाथ अविद्या समरथ जोकछु चाहे सोई करें ॥ रीते भरे भरे पुन ढोरें जो चाहे तो फेर भरे॥ सिद्ध पुरुष अविनाशी समरथ काहूते न डरे॥ परमानंद दास यह संपति मनतें कवु न

श्रीवल्लभ चाहे सोई करे ॥ जो उनके पद दृढ-
करी पकरे महारस सिंधु भरे ॥ वेद पुराण सुघडता
सुंदर ए वातन न सरे ॥ श्रीवल्लभके पदरज भजके
भवसागरते तरे ॥ नाथके नाथ अनाथकेवंधु अवगुण
चित्त ना धरे ॥ पद्मनाभकुं अपनो जानिके डूवत कर
पकरे ॥५॥ साचा स्नेही नंदकुमार ॥ ओर नहीं
कोई दुःखको वेली सवमतलवके यार ॥ मनुष्य जा-
तिको नांही भरोंसो छिनु विहार छिनुपार ॥ चीत्त
वचनको नहीं ठिकानो क्षण क्षण ग्रथक् विचार ॥
मात पिता भगनी सुत दारा रतिन निभत एकतार॥
सदा एकरस तुमही नीभावो रसीकप्रीतम प्रतिपाल
॥६॥ प्रीतकर कोउ सुख ना लह्यो ॥ अलिसुत
प्रीतकरी जलसुतसो संपुट मांज रह्यो ॥ पतंग प्री-
तकरी दीपकसुं अपनो अंग दह्यो ॥ सारंग प्रीतकरी
नादनसुं सनमुख वाण सह्यो ॥ गोपीन प्रीतकरी
गोविंदसुं चलत कछू न कह्यो ॥ सूरदास यह प्रीत

कठिन हे नेनन नीर वह्यो॥७॥ ॥अहो हरि दीनकेजु दयाल ॥ कब देखोगे दिशा हमारो ग्रसीतहुं कलिकाल ॥ कहा सुमरन करुं तिहारो पड्यो अति जंजाल ॥ सकल साधन रहित मोसम ओर नहीं गोपाल ॥ करत अति विपरीत साधन चलत चाल कुचाल॥ काढवेकुं नांही समरथ तुम विना नंदलाल ॥ तुमवीन आरे कोनसुं कहीये एहो हमारे हाल ॥ हसो कहाजु हरो आरत रसिक करो निहाल ॥८॥ अब हरि भूले नांही बने ॥ विपत विदारन तुम हो गिरिधर सुखमें मित्र घने ॥ अब में आधोन कछु नहीं जानत तुमवीन कोन सुने ॥ इतनी विनती सुनो पिय मेरी व्रजपति तुम सरने ॥९॥ हरि तेरी लीलाकी सुधि आवे ॥ कमल नयन मन मोहन मुरति मनमन चित्र बनावे ॥ एकबार जाहि मिलत मया करि सोकेसें विसरावे ॥ मुख मुसिकानि वंक अवलोकनि चाल मनोहर भावे ॥ कबहुक निविड तिमिर आलिंगन

कबहूक पिक सुरगावे ॥ कबहुक संभ्रम कासि कासि कही संगही उठि उठि धावे ॥ कबहुक नेनमुदि अंतरगति मणिमाला पहिरावे ॥ परमानंद प्रभु श्याम ध्यान करि एसे विरह गमावे ॥ १० ॥

राग कान्हरो

उत्तम कुल अवतार कहा जो श्रीवल्लभ राज कुमार न जान्यो ॥ चरचा न कीनी वर वल्लभकी रचि पाखंड कियो वहु बानो ॥ रसिक कथा सुनी नहिं श्रवणन रह्यो विषय रसही लपटानो ॥ शोच मिट्यो नहिं उर अंतरको समझ समझ लाग्यो पछतानो ॥ गिरि गोवर्धन व्रज वृंदावन कबहु न नयनन निरखि सिरानो ॥ कृष्णदास प्रभुको गुण महिमा अगम निगम नहिंजात वखान्यो ॥१॥ नाहिन रह्यो मनमें ठोर ॥ नंद नंदन बिनु केसे आनिये उर ओर ॥ चलत चितवत द्योस जागत स्वप्न सोवत रात ॥ हृदयते यह मदन मूरति छिनु न इतउत जात ॥ कहत कथा अनेक उधो लोक

लोभ दिखाय ॥ कहा करों चित्त प्रेम पूरण घट न सिंधु समाय ॥ श्याम गात्र सरोज आनन ललित गति मृदुहास॥ सूर एसे दरसको यह मरत लोचन प्यास ॥२॥ यह मांगों यशोदा नंदन ॥ चरण कमल मेरो मन मधुकर या छवि नैनन पाऊं दर्शन॥ चरण कमलकी सेवा दीजे दोउ तन राजत विद्युलता घन ॥ नंद नंदन वृपभाननंदिनी मेरे सरवस प्राण जीवनधन ॥ व्रजवसिवो यमुनाजल अचवो श्रीवल्लभ को दास यहे पन ॥ महाप्रसाद पाऊं हरिगुण गाऊं परमानंद दास दासीजन॥३॥ जे कोई श्री यमुना नाम संभारे ॥ ताको दरस परस कोउ करही ताही-को वे तारे ॥ भक्तकी महीमा कहां लगी वरनो यम हा हा कही हारे ॥ चत्रभुजप्रभु गिरिधरन लालको नित्यप्रति वदन निहारे ॥४॥ व्रजभूमि मोह-नी में जानो ॥सोहन कान्ह मोहन श्रीवृंदावन मो-हन श्रीयमुना महारानी ॥ मोहन नार गोकुलकी

ठाडी बोलत अमृत वानी ॥ मोहन सूरदासको ठाकुर मोहन श्रीराधेरानी ॥५॥ यह छवि मोपें जात न वरनी ॥ श्री गोवर्धनकी आसपासते खिल रही सब अरनी ॥मदनमोहन पिय खेलन निकसे संग राधे मन हरनी ॥ कुंभनदास प्रभु गोवर्धनधर धन्य धन्य व्रजकी धरनी ॥ ६ ॥ उधो एसो भक्त मोहि भावे ॥ सवतज आश निरंतर मेरी जन्म कर्म गुन गावे ॥ कथनी कथत निरंतर मेरी सेवामें चितलावे ॥मृदु हास नेन जलधारा करतल ताल वजावे॥ जहां जहां भक्त मेरो चरन धरत हे तहां तिरथ चली आवे ॥ वे रज ले में अंग लगाउं कोटी ब्रह्मांड सुख पावे ॥ मेरी मूरत उनके हृदयमें वे मेरेउर आवे ॥ वल वल जाऊं श्रीमुख वाणी सूरदास जस गावे ॥ ॥७॥ निज वैष्णवजन मेरो अंग॥ छांड कुटुंब ओर सकल पदारथ सेवाकरे फिरकरे सतसंग ॥ ध्यान धरे मेरो गुण गावे नई उपजावे तान तरंग ॥ निश्चय

चित होय दृढकर वेठे कथा सुने मन अतिही उमंग ॥ मम गुण सुन सुख सिंधु वढे उर प्रेमनीर वहे मानो गंग ॥ प्रेम पुंजमें मग्न होयके निशदिनही वरसावत रंग॥मीन न छांडे जलकु जेसे उनके मेरे ऐसे प्रसंग ॥ सूरदास मलीन महाजल गंगा मिले होय जातहे गंग ॥८॥ मनकी वात कोनसुं कहिये ॥ हरि सुमरन क्षणभर नहि होही कहो कोनपें जईये॥ मिलते सवे अपने स्वारथके तहांहु सुख न लहिये॥ दुर्लभ मिलनो परम परमारथ तिनपें दोप मिटाइये करि निरधार देख जिय अपने हरिजनके संग रहिये॥ रसिकदास जिनकरो शंका भक्तजन संग कछु पइये ॥९॥ हम भक्तनके भक्त हमारे ॥ सुन अरजुन प्रतिज्ञा मेरी यह व्रत टरत न टारे ॥ भक्तन काज लाज हों छांडो पाउं प्यादे धाउं ॥ जहां जहां भीर परे भक्तनको तहां तहां जाई छुडाउं ॥ जोई जोई वेर करे भक्तनसों सो वैरी निज मेरो ॥ देख विचार

भक्तनके तातें रथ हांकतहुं तेरो ॥ भक्तनके जीते ही जीतुं भक्तनहारे हारुं ॥ सूरदास जो भक्त विरोधी सो चक्र सुदर्शन मारुं ॥१०॥ श्रीमदाचार्यके चरण नख चिन्हको ध्यान उरमें सदा रहत जिनके॥ कटत सब तिमिर महादुष्ट कलिकालके भक्तिरस गूढ दृढ होत तिनके ॥ जंत्र ओर मंत्र महातंत्र बहुभांतिके असुर ओर सुरनको डर न जिनके॥ रहत निरपेक्ष अ-पेक्ष नहि काहूकी भजन आनंदमें गिने न किनके ॥ छांड इनको सदा ओरको जे भजे ते परे संसार मांह्य भिमके ॥ धारमन एक श्रीवल्लभाधीशपद करन मन-कामना होत जिनके ॥ मत्त उनमत्त सो फिरत अ-भिमानसें जन्म खोयो वृथा रातदिनके॥ कहत श्रुति सार निरधार निश्चय करि सर्वदा शरण रघुनाथ जि-नके ॥११॥ हरिजन संग छिनक जो होई ॥ कोटि स्वर्ग सुख कोटि मोक्ष सुख तिहि सम लहे न कोई ॥ भूरि भाग्य पुण्य संचित फल कृष्ण कृपा व्हे जाको

॥ सूरदास हरिजन पद महिमा कोकही शके ताको ॥१२॥ जादिन संत पाहुने आवत ॥ तिरथ कोटि स्नान करन फल एसो दर्शन पावत ॥ प्रफुल्लित वदन रहत निशदिन प्रति चरण कमल चित्त लावत ॥ मन-कर्म वचन ओर नहि जाचत सुमरत ओर सुमरावत ॥ मिथ्यावाद उपाधि रहित व्हे विमल विमल जस गा-वत ॥ सूरदास प्रीतिकर तिनसों हरिकि सुरत करा-वत ॥१३॥ हरिको भक्त माने डर काके ॥ जाके करजोरे ब्रह्मादिक देव सबे दंडोती जाके ॥ संघ सखा कर ग्रामवसावे यह विपरीत सुनी नही देखी ॥ हाथी चढे कुकरकी शंका यहधो कोन पुराणन लेखी ॥ सु-गम लोग अरु विगम मूढमति कृपासिंधु समरथ सब लायक ॥ परमानंददासको ठाकुर दीनानाथ अभय-पद दायक ॥१४॥ कोन रसिक हे इन वातनको ॥ नंदनंदन विनु कासो कहिये सुनीरी सखी मेरे दुख या तनको ॥ कहां वे यमुना पुलिन मनोहर कहां वे

चंद शरद रातिनको ॥ कहां वे मंद सुगंध अनिलरस कहांवे षट्पद जल जातिनको ॥ कहां वे सेज पोढिवो वनको फूल विछोना मृदु पातनको ॥ कहां वे दरस परस परमानंद कमल नयन कोमल गातनको ॥१५॥

माइरीको मिलवे नंदकिशोरे ॥ एकवार को नेन दिखावे मेरे मनके चोरे ॥ जागत जाम गिनत नही खूटत क्यों पाउंगी भोरें ॥ सुनिरी सखी अब केसें जीजे सुनि तमचर खग रोरे ॥ जो यह प्रीत सत्य अंतर गति जिनि काहू वनिहोरे ॥ परमानंद प्रभु आन मिलेगें सखी शीश जिनि फोरे ॥१६॥

यह मागों गोपीजन वल्लभ ॥ मनुष्य जन्म ओर हरिसेवा व्रज वसवो दीजे मोहि सुलभ ॥ श्रीवल्लभ कुलको हों चेरो वैष्णव जनको दास कहाउं ॥ श्रीयमुना जल नित्य प्रति न्हाउं मनवच कर्म कृष्ण गुणगाउं ॥ श्रीमद्भागवत श्रवण सुनों नित इनतजि चित कहूं अनत न लाउं ॥ परमानंद दासइह मागत नित नि-

रखौं कबहू न अघाऊं ॥१७॥ राग केदारो चकईरी चल चरण सरोवर जहां नहिं प्रेम वियोग॥ जहांभ्रम निशा होत नहिं कबहूं सो सायर सुखयोग ॥ सनकसे हंस मीन शिव मुनिजन नख रवि प्रभा प्रकाश॥ प्रफुलित कमल निमिश नहिं शशीडर गुंजत निगम सुवास॥ जिहिंसर सुभग मुक्ति मुक्ताफल विमल सुकृत जल पीजे॥ सोसर छांड क्यों कबुद्धि विहंगम इहां रही कहा कीजे ॥ जहां श्रीसहस्र सहित हरि क्रीडत शोभित सूरजदास॥अब न सुहाय विषय रस छिल्लर वह समुद्रकी आस॥१॥ भृंगीरी भज श्याम कमलपद जहां नहि निशिको त्रास॥ जहां विधुभानु समान प्रभानख सो वारिज सुखरास॥ जहां किंजल्क भक्ति नव लक्षण ज्ञानकर्म रसएक ॥ निगम सनक शुक शारद नारद मुनिजन भृंग अनेक॥ शिवविरंचि खंजन मनरंजन छिन छिन करत प्रवेश॥ अखिललोक तिहिंवास सुकृत जल प्रकटित स्याम दीनेश ॥ सुन

मधुकर भ्रमत्यज कुमुदिनिगण राजीव वरको आस॥ सूर प्रेम सिंधुमें प्रफुलित जहांचल करें निवास ॥२॥ ललित व्रजदेश गिरिराज राजे ॥ घोप सीमंतनी संग गिरिवरधरन करत नित्य केली तहां काम लाजे ॥ ललित ॥ त्रिविध पवन संचरे सुखद झरनां झरे ललित सौरभ सरस मधुप गाजे ॥ ललित तरु फूल फल फलित खटऋतु सदा चतुर्भुजदास गिरिधर समाजे ॥ ललित ॥३॥ नमुं श्रीवल्लभाधीश स्वामी ॥ अखंड अवतार जुगधार लीलाकरी आसुरी जीव सब मोह पामी ॥ नमुं० ॥ निगम करजोरके करत स्तुति सदा सनक शुक व्यास नहीं पारपामी ॥ शेप अज रुद्र सुर तेतीस ध्यावत सदा रटत हे मुनि सकल दीवस जामी ॥ नमुं० ॥ देखके दीनपर अतुल करुनाकरी भाग्य निधी प्रगट भये गरुडागामी ॥ नंदगृह प्रकट भुव भक्त आरत हरी तैलंग कुल तिलक शिरछत्र छामी ॥ नमुं० ॥ वेदमथ सकल सिद्धान्त

नवनीतरस दैवीजन दुरकिये हृदय ध्रामी ॥ कपट कली
दंड सवग्रंथ खंडन कीये व्यासनंदन वचन पार ग्रामी
॥ कोटी ब्रह्मान्ड तन रोमही रोम प्रति जगत आधार
धर धीर धामी ॥ पुष्टिपथ प्रकट कर नाम नौका करी
पार संसार जे सरन आमी ॥ कोउ कहे विप्र कोउ
विविध पंडित कहे कोउ कहे अंश कोउ आत्मारामी ॥
स्वकीय जन एक निर्धार निश्चेकीये वस्तुतः कृष्णजो
वंधे दामी ॥ कोन गुण कही शके अखिल व्रजइशके
दीन व्हे चरनतर शीश नामी ॥ शरन वल्लभगही भा-
ग्यको पार नही भजो कृष्णदास प्रभु अंतरजामी
॥ नमुं० ॥४॥ आशरो एक दृढ श्रीवल्लभाधी-
शको ॥ मानसी रीतकी मुख्य सेवा व्यसन लोकवै-
दिक त्याग शरन गोपीशको ॥ आशरो ॥ दीनताभाव
उद्बोध गुणगानसो घोषत्रिय भावना उभयजाने ॥
श्रीकृष्णनाम स्फूरे पलन आज्ञा टरे कृति वचन विश्वास
दृढ चित्त आने ॥ आशरो ॥ भगवदी जान स०

अनुसरे । ना देखे दोष अरु सत्य भाखे ॥ पुष्टिपथ-
मर्म दश धर्म यह विधी कहे। सदा चित्तमें द्वारकेश
राखे ॥ आशरो ॥५॥ भूल जिन जाय मन अनत
मेरो ॥ रहो निश दिवस श्रीवल्लभाधीश पद कमलसों
लाग विनामोलको चेरो ॥ भूल॥ अन्यसंबंधतें अधिक
डरपत रहो। सकल साधनहुते कर निवेरो ॥ देह निज
गेह यहलोक परलोक लों भजो सितलचरण छांड उ-
रझेरो ॥ भूल ॥ इतनी मागत महाराज करजोरके ।
जेसो हु तेसो कहाउ तेरो॥ रसीकशिरकर धरो। भव
दुःख परहरो ।करो करुणा मोहे राखी नेरो ॥भूल॥६॥
कृष्ण श्रीकृष्ण शरणं मम उचरे॥रेन दिन नि-
त्यप्रति सदा पल छीन घरी। करत विध्वंस जन अखिल
अघ परहरे ॥कृष्ण॥ होत हरिरूप व्रजभूप भावे सदा
पुष्टि लीला सकल सार उरमें धरे ॥ रहत निश दीवस
आनंद उरमें भयों अगम भवसिंधुको विना साधन-
तरे ॥ कृष्ण ॥ रमा शिव शेष सनकादि शुक सारदा

व्यास नारद रटे पलक मुखनाटरे ॥ नाम गिरिधरन महिमा अतुल जगमगे शरन कृष्णदास कीर्तन निगम नित्य करे ॥ कृष्ण ॥७॥

श्रीकृष्ण श्रीकृष्ण मनमें गती जानीये ॥ देह इंद्रिय प्राण दारागारादि वित्त आत्मा सकल श्रीकृष्णके मानीये ॥श्रीकृष्ण॥ कृष्ण मम स्वामी हुं दास मन वचन कर्म कृष्ण करता सकल विश्वके जानीये ॥ कृष्णदासनि नाथ लाल गिरिवरधरन चरन रज वल्लभाधीश शिर सानीये ॥ श्रीकृष्ण ॥८॥

जय श्रीवल्लभ चरन कमल शीर नाइए ॥ परम आनंद साकार शशी शरदमुख मधुर वानी भक्त जनन संग मिल गाइए ॥जय॥ राज तम छांड मध्य सत्वके संग व्हे राखि विश्वास प्रेम पंथको धाइए॥कहे व्रजाधीश व्रंदाविपिन दंपति ध्यान धर धर हिये द्दगन शीराइए ॥ जय ॥९॥

विनंतिके पद

हरि यह कोन रीति ठटी ॥ दास दुखी सुख होत विमुखन वडी लाज घटी ॥ वेद पंथ श्रीभाग-

वतकी वांधी मेंड कटी ॥ देख यह विधि सवनकी मति भजनतें उचटी ॥ तज कुसंग करु सुसंग जातें विषय जाय कटी ॥ कुमति पावक कुप जलतें आवत हे उ-वटी ॥ करण वारे कहा भूमो जात गति न हटी ॥ फलकी चिट्ठी सवनकी कहा एकहिवेर फटी ॥ चरण पर जे रहत तिनकी होत मति उलटी ॥ कहा गीता भागवतमें कही वात नटो ॥ हमारी यह वेर मनसा दानहूते हटी ॥ रसिक कहिकहि जीभ तुमसों छुलत छुलत छटी ॥११॥ नाथ हाहा मोही दरस दीजे ॥ सहज करुणा करो दोष जिन जिय धरो विना सा-धन मोहे दास कीजे ॥ नाथ॰ ॥ दुःखित तन होत तो दरस देखे विना रेन दिन तपत कहो केसे जीजे ॥ कहो धिरज हिये राखीए कोनविध रहत नहीं चेन तन छेह दीजे ॥ नाथ॰ ॥ लेत जव स्वास उरमां न समात जवलों निश्चीत दृगभर न पीजे ॥ रूप लावण्य अमृत रसिक पीवत सदा विना पान तन केसे भीजे

॥ नाथ ॥१२॥ सदाराख गोपाल तुव चरण शरणं
॥ ब्रह्मा शंकर उमा शेष नारद रमा सनक शुकशारदा
ध्यान धरणं ॥ सदा ॥ गोप गोपांगना मंडली मध्यमें
शकृत वृंदावनं वन विहरणं ॥ गोपिका कठिन कुच
अग्र ललिता ललित राधीकारवनजुं भवन अनुसरणं
॥ सदा राख ॥ चटक मटक मुकुट निपट लटपटो
मणीनी कांति जग तिमर हरणं ॥ तत थेई तत थेई
धीधकट धीमिकट कुलट पट उलट मान भरणं ॥ सदा
राख ॥ धन्य सोमन धरत चित्त ठरत अमृत झरत करत
सुख हरत दुख जन्म मरणं ॥ यह छवि सदा सर्वदा
मम मन वसो दास गोपाल भवसिधु तरणं ॥ सदा
राख ॥१३॥ राग कल्याण गये पाप ताप
दूर, देखत दरस परस चरन ॥ हो तो एक पतित तिहारो
पतित पावन बिरद हो तुम जगतके उद्धरन ॥ गये ॥१॥
स्तुति शेष करन सके सकल कला गुण निधान ॥
जानतहो तिहारी सब विधि अनुसरण ॥ छीतस्वामी
गिरिवरधर तेसेई श्रीविट्ठलेश होतो तिहारी

जन्म जन्म शरन ॥गये॥२॥ अमृत रस श्रवयो श्रीवल्लभ मुख माधुरी ताहि पियो श्रीविट्ठलेश अतिहि अघायके ॥ कृपाकरी रंच दियो दैवी जीवनको करहो अनुपान प्रपंचतें बचायके ॥ औषधि न आन ऐसी भवसागर तरवेको कीनीहे अनेक भांत विधि सो व-नायके॥ विष्णुदास निसवासर भजो श्रीवल्लभपद चिंता मतकरो धनो श्रीविट्ठलेशपायके ॥३॥ सदामन श्रीगोकुलमें रहीये॥ गोविंदघाट छोकरकी छैयां बेठक दरसन पैये ॥ सदा ॥ यमुना पुलिन सुभग वृंदावन गिरि गोवर्धन जइए ॥ घेर घेर भक्ति भागवत सेवा तनमन प्राण विकैये ॥ सदा ॥ श्रीविट्ठलनाथ विरा-जत निशदिन चरन कमल चित्त लइए ॥ श्रीवल्लभ पद कमल कृपातें इनके दास कहैये ॥ सदामन ॥४॥ निजदास दास दासनमें मोहे कव करहो ॥ जुगल चरन अरुन कमल मेरे सीर धरहो ॥ निज ॥ सुघटितं मणी पाद स्पर्श कर अलंकृत करहो ॥ भवन

गमन समय जाणी आगे ले धरहो ॥ निज० ॥ अरुन वदन तंबोल रस वीरी मुख देहो ॥ डारत अब शेश पीक अंजुली भर लेहो ॥ निजदास० ॥ सुभग सेज दूध फेन पोढीए यदुनाथ ॥ चरन हुं चांपत रहुं गाउ गुन गाथ ॥ निजदास० ॥ सिधु सुता जब आय रहे श्रीजगन्नाथ पास ॥ माथ नाई तबही उठी चले माधोदास ॥ निजदास० ॥५॥ राग गोरी

गोपी प्रेमकी ध्वजा ॥ जिने गोपाल कियो अपनेवश उरधर श्याम भुजा ॥ शुक मुनि व्यास प्रसंशा कीनी ऊधो संत सराही ॥ भुरि भाग्य गोकुलकी वनिता अति पुनीत भवमांही ॥ कहा भयो जो विप्र कुल जन्म्यो जो हरि सेवा नांही॥ सोई कुलीन दास परमानंद जोहरि सन्मुख धाई ॥१॥ राग टोडी

जाके हृदय हरि धर्मनांही ॥ ताके तजे को दोषनहिं वशिये नहि उनमांही॥ मात पीता गुरुबंधन तजके संग न पानी पीजे॥ जाके हृदय

ताको कह्यो न कीजे ॥ जन प्रल्हाद पिता पन मेट्यो
वलि गुरु कह्यो न कीनो ॥ भरत वचन परहरत मा-
तके राज त्याग तपकीनो ॥ अतिही दुष्ट देख हरि
द्रोही तज्यो विभीषण भाई ॥ छत्र चमर ढूराय शिश-
पर कीयो लंकाको राई ॥ वेद मर्याद मेट व्रजवनिता
पति तजी हरिपें आई ॥ सुर पूनित भई वे गोपी वासु-
देव विमल जश गाई ॥१॥

अवमें नाच्यो वहूत
गोपाल ॥ काम क्रोधको पहर चोलना कंठ विषयकी
माल ॥ अवमें ॥ मायाको शिर फेंटा बांध्यो लोभ
तिलक दीयो भाल ॥ दंभ मोहके नुपुर पेहेरे कुसंगत
चल्यो चाल ॥ अवमें ॥ भ्रम मोह मन भयो पखा-
वज नाना विधकी ताल ॥ तृष्णा नाद करे घट भीतर
निंदा शब्द रसाल ॥ अवमें ॥ लख चोरासी भेख वनाये
शुकर श्वान शियाल ॥ सूरदासकी सवे अविद्या दूर
करो नंदलाल ॥ अवमें ॥२॥

राग धन्याश्री

उधो धन्य तुमारो व्यवहार ॥ धन्य वे ठाकुर धन्य वे

सेवक धन्य तुम वर्तनहार ॥आंवकु काट वबुर लगावत चंदनकी कर वार ॥ शाहकुं पकर चोरकु छोडत चुगलनको इतबार ॥ हमकुं जोग भोग कुवजाकुं एसे समुझन हार ॥ सूरदासए केसे निभेगो अंधधुंध सरकार ॥१॥ राग सारंग जोपें चोंप मिलनको होय ॥ तो क्यों रह्यो परे विनुदेखे लाख करो जो कोय ॥ जोपें विरह परस्पर व्यापे तो कछू जीय वने॥ लोक लाज कुलकी मर्यादा एको चित न गिने ॥ कुंभनदास प्रभु जाहितन लागी ओरन कछू सुहाई ॥ गिरिधरलाल ताहि विनुदेखे छिनु छिनु कल्प विहाई ॥१॥ केते दिन व्हेजु गये विनु देखे ॥ तरुण किशोर रसिक नंदनंदन कछूक उठत मुख रेखें ॥ वह सौभाग्य वह कांति वदनकी कोटिक चंद्र विशेखे ॥ वह चितवनि वह हास्य मनोहर वह नटवर वपु भेखें ॥ श्याम सुंदर मिलि संग खेलनकी आवत जीय अपेखें ॥ कुंभनदास लाल गिरिधर विनु जीवन जन्म अलेखें

॥ २ ॥ राग विहाग मोहीं वलहें दोउ ठोरको ॥ एक वलमोहे हरिभक्तनको दुजो नंदकोशो· रको ॥ मनसा वाचा ओर कर्मणा नहीं भरोंसो ओ· रको ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल श्रीवल्लभकुल शिर मोरको ॥१॥ सुखनिधि श्रीगोकुलको व· सवो ॥ छिन छिन वारंवार सखीरी श्रीवल्लभ सुत निरख हूलसवो॥ गृहन गृहन प्रति कुंजन कुंजन पियसंग केलि परस्पर हसवो ॥ एसी कनक कसोटी उपर सुभग प्रेम वलित तन कसवो ॥ यमुनातीर महागजसो मिल भावें अंगो अंग परसवो ॥ दंपति रूप रासि सुखसीमा माधो- दास यहे रंग रसवो ॥२॥ ताहीको सिरनाइये जो श्री वल्लभसुत पदरज रतिहोय॥ कीजे कहा आन उंचेपद तिनसो कहा सगाई मोय ॥ जाके मनमें उग्र भरम हे श्रीविट्ठल श्रीगिरिधर दोय ॥ ताको संग विषम विषहूंतें भूले चतुर करो जिनकोय ॥ सारासार विचार मतोकर श्रुतिवच गोधन लियो हे निचोय ॥ तहां

नवनीत प्रकट पुरुषोत्तम सहज हि गोरस लियो हे विलोय ॥ उग्रप्रताप देख अपने चक्ष अस्मसार जेसे भिदे न तोय ॥ कृष्णदास असुर भये सुरतें असुरतें सुरभये चरणन छोय ॥३॥ जीन श्रीवल्लभ रूप न जान्यो ॥ जननी उदर आय कहा कीनो जन्म अकारज मान्यो ॥ सकल वेद विधि सकल धर्म निधी करत ज्यों वेद वखान्यो ॥ कहाभयो जो सकल शास्त्र पढ्यो नाहक फाट्यो पान्यो ॥ अग्निरूप प्रभु सकल शिरोमणी देत अभय पद दान्यो ॥ रसिक प्रीतमके चरण भजत जे सकल पदारथ जान्यो ॥४॥ जवलग यमुना गाय गोवर्धन जवलग गोकुल गाम गुसांई ॥ जव लगी श्रीभागवत कथारस तवलग कलिमें कलियुग नाही ॥ जवलग हैं सेवा रस जगमें नंद नंदनसो प्रीति वढाई ॥ परमानंद तासो हरि क्रीडत श्रीवल्लभ चरणरेणु जिनपाइ ॥५॥ मधुर व्रज देश वस मधुर कीनो ॥ मधुर गोकुल गाम मधुर व-

ल्लभनाम मधुर विठ्ठलभजन दान दीनो ॥ मधुर गिरि-
धर आदि सप्त तनु वेणु नाद सप्त रंध्रन मधुर रूप
लीनो ॥ मधुर फल फलित अति ललित पद्मनाभप्रभु
मधुर अलि गावत सरस रंग भीनो ॥६॥ श्री-
विठ्ठलनाथ वसत जिय जाके ताको रीत प्रीत छबि
न्यारी ॥ प्रफुल्लित वदन कान्ति करुणा मय नयननमें
झलके गिरिधारी ॥ उग्रस्वभाव परम परमारथ स्वारथ
लेश नहीं संसारी ॥ आनंदरूप करत एकछिनमें हरि-
जुको कथा कहत विस्तारी ॥ मनक्रम वचन ताहीको
संग करिये पैयत व्रजयुवतिन सुखकारी ॥ कृष्णदास
प्रभु रसिक मुकुट मणि गुणनिधान श्रीगोवर्धन धारी
॥७॥ जाकेमन वसे श्यामघन माधो ॥ सो
सुंदर सो धनी दक्षसोई सोई कुलीन सोई साधो ॥
सो पंडित सो गुणपुंज सोई जो गोपाल कहि गावे॥
कोटि प्रकार धन्य सोई नर जो नहिं हरि विसरावे॥
सो नर सूर वेदविद्यारत सो भूपति सोई ज्ञानी ॥

परमानंद धन्य सोई समरथ लाल चरन रति मानी ॥८॥ जाकुं नेक कृष्णको वानो ताके निकट न जाय जन कोऊ कहारंक कहा रानो.॥जाकु॥१॥ माला कंठे तीलक विराजत अरु चंदन लपटानो ॥ शंख चक्र गदा पद्म विराजत सो कहा रहेगो छानो ॥ जाकु ॥२॥ रविसुत कहत पुकार पूकारी सुनके दुत अकुलानो ॥ सूरदास कहत यह हितको समज सोच जियजानो ॥जाकुं ॥३॥९ उधो जोजन मोही संभारे ताकुं विसारुं न पलक घरीरे ॥ काटुं कठिन कर्मके संकट राखुं सुख आनंद भरीरे ॥ उधो ॥ जो मोही भजे भजु हुं ताकुं एही प्रतिज्ञा मोहे आयपरीरे ॥ सदा समीप रहुं ताहीके गुपत हतो सो प्रकट क-

मेरो भक्त सही ॥प्रथम॥ शत्रु मित्रको सम करीजाने मनकी तृष्णा गई ॥ सदा वैराग्य रहे उर अंतर काहूसुं हांसी करत नहीं ॥प्रथम॥ विषय वासना रहत न जाके एह विचार रहत महीं ॥ सूरदास हुं वसु हृदेमें आनंद सागर रहत मही ॥प्रथम॥११॥ हरिजन संग छिनक जो होही ॥ कोटी स्वर्ग सुख कोटि मुक्ति सुख एसम लहे न कोई ॥ महद भाग्य पून्य संचित फल कृष्ण कृपा व्हे जाके ॥ सूरदास हरिजन पद महिमा कहत भागवत ताके ॥ हरिजन ॥१२॥ प्रभु जनपर प्रसन्न जब होही ॥ तब वैष्णव जन दरसन पावे पाप रहे नहि कोई ॥ प्रभु ॥ हरि लीला उर आवे ताके सकल वासना नासे ॥ सूरदास निश्चे विचार करी हरि स्वरूप जब भासे ॥ प्रभु ॥१३॥ गिरिधर जब अपनो करी जाने ॥ ताकोमन भक्तनकी सेवा भक्त चरन रज सदा लुभाने ॥ गिरिधर ॥ भक्तनमें मति भक्तनसुं गति हरिजन

हरीएक करी माने ॥ कृष्णदास मन वचन कर्मकरि हरिजन संगे हरि उर आने ॥ गिरिधर ॥१४॥

वडोधन हरिजनकुं हरिनाम ॥ विन रखवारे चोर नहिं चोरे सोवत हे सुखधाम ॥ वडो ॥ दिन दिन वढत सवायो दुनो घटत नहिं कछु दाम ॥ सूरदास हरि-सेवा जाके पारसको कहाकाम ॥ वडोधन ॥ १५ ॥

हरि भजनमें कहा चहियतहे नेन श्रवन रसना पद पान ॥ एसी संपत आन मिली हे जो न भजे ताकुं वडी हान ॥ हरि ॥ पूरव पुन्य सुकृतनको फल अति दुर्लभ मानुप अवतार॥ पाप पून्य जातें जान्यों परतहे उपजत हे ब्रह्मज्ञान ॥हरि॥ गुरु कर्णधार पोत पद अंवुज भवसागर तरवेके हेत ॥ प्रेरक पवन कृपा केशवकी परमानंद चित चेत ॥ हरि ॥१६॥

कलिजुग सव जुगतें अधिकाई॥ जा जुगमें प्रगटे जग सीतल श्रीवल्लभ सुखदाई ॥ कलिजुग ॥ जो कोउ शरन जाय हें अपनी ताको करत सहाई ॥ दासश-

रन हरि वागधीशकी चरण रेणु निधि पाई ॥ कलि·
जुग ॥१७॥ कलि कीर्तन परमान रे मन कलि
कीर्तन परमान ॥ हरिभक्ति संतकी सेवा और धरम
नहि आन ॥ रेमन ॥ कहा भयो जो जपतप कीनो
कहा भयो दीने दान॥ तीरथ व्रत वहोत कछु कीनो
नहिं हरिनाम समान ॥ रेमन ॥ सुंदरश्याम मनोरथ
पूरन अधम उद्धारन जान ॥ सूरदास प्रभु रसिक शि·
रोमणि संतनके धनवान ॥ रेमन ॥१८॥ कीयो
गोपालको सब होय ॥ जोमाने अपनो पुरषारथ अ·
तिशे जूठो होय ॥ कीयो ॥ सुख दुःख लाभ अलाभ
सहज गत कहांलो मरीये रोय ॥ जो कछु लेख ल·
ख्यो नंदनंदन मेट शके नहि कोय ॥ जंत्र मंत्र औ·
खदको वातें ए सब डारो धोय॥ सूरदास प्रभु सुखके
सागर चरन कमल चीत प्रोय॥ कीयो ॥१९॥
जे कोई श्रीगोकुल रस चाखे ॥ ताको चित्त अनत
न भटके लोभ दिखावे लाखे ॥ जेकोई ॥ पयों रहे

छोंकरकी छैयां निरखत तरुवर साखे॥श्रीयमुना जल पानकरत नित्य श्रीवल्लभ मुख भाखे॥जेकोई ॥ सात स्वरूप आदिले गिरिधर ध्यान हृदेमें राखे ॥ रसीक प्रितमकी वानक उपर विश्व वारने नाखे ॥ जेकोई ॥२०॥ प्रकट व्हे मारग रीत दिखाई॥ परमानंद स्वरूप कृपानिधी श्रीवल्लभ सुखदाइ ॥ प्रकट॥ कर सिंगार गिरिधरनलालको जव कर वेणु ग्रहाई ॥ ले दरपन सनमुख ठाडे व्हे निरख निरख मुसकाई॥ ।कट ॥ विविध भांत सामग्री हरिको करी मनुहार लेवाई ॥ जल अचवाय सुगंध सहित मुख वोरी पान खवाई ॥ प्रकट ॥ कर आरती अनोसर पट दे वेठे नेजगृह आई ॥ भोजन कर विश्राम छीनकले निज रंडलीजु वुलाई ॥प्रकट॥ करत कृपा निज दैवी जीव-नपर श्रीमुख वचन सुनाई ॥ वेणुगोत पुनि युगलगी-तकी रस वरखा वरखाई ॥ प्रकट ॥ सेवा रीत प्रीत ।जजनकी जन हित जग प्रकटाई ॥ दास शरण हरि

वागधीशको चरन रेणु निधी पाई ॥ प्रकट ॥ २१ ॥
हमतो श्रीविट्ठलनाथ उपासी ॥ सदा सेवुं श्री
वल्लभनंदन कहाकरुं जइकाशी ॥हमतो॥इनकुं छां
ओरकुं धावे सो कहीए असुरासी ॥ छीतस्वामी गि
रिधरन श्रीविट्ठल लीला निगम प्रकाशी ॥ हमतो ॥
२२॥ जगत गुरु विट्ठलनाथ गुसांई ॥ ओरगु-
सांई काहेके कहावत उदर भरनके तांई॥जगतगुरु॥
धर्म आदि चार्यों पुरुपारथ सो इनके करमांही ॥ छीत-
स्वामी गिरिधरन श्रीविट्ठल भक्तनके सुखदाई ॥ जगत
गुरु ॥२३॥ भलो यह हरिभक्तनसुं हेत॥ हरि
भक्तनके निकट वसत हे हरिभक्तनमें चेत (चित्त)॥
भलोयह ॥ हरिभक्तनको महीमा जानत हरिभक्तन
सुख देत ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविट्ठल हरिभक्त
नकी सेत॥ भलो यह ॥२४॥ हों वारीइन व
ल्लभीयन पर॥मेरेतनको करुं वीछोना शीशधरुं इनके
चरनन तर ॥१॥ भावभरी देखुं मेरी अखीयन मंडल

मध्य विराजत गिरिधर ॥ वेतो मेरे प्रान जीवन धन
दान दीये हे श्रीवल्लभवर ॥ २ ॥ पुष्टिमार्ग प्रकट क-
रवेकुं प्रकटे श्रीविठ्ठल द्विजवपुधर ॥ दास रसीक व-
लैया लेले वल्लभीयनकी चरनरज अनुसर ॥३॥ २५
लगे जो श्रीवृंदावनको रंग ॥ देह अभीमान
सबे मीट जेहें अरु विषईनको संग ॥ लगे जो ॥ मनको
मेल सबे छूट जेहें मनसा होय अपंग ॥ श्रीराधावर
सेवत समरत उपजत भाव तरंग ॥ लगे जो ॥ सखी
भाव सहेजे होय मनमें पुरुष भाव होय भग ॥ पर-
मानंद स्वामीके उपर वारु कोटी अनंग ॥ लगे जो ॥
२६ जप तप तीरथ नेम धर्मव्रत मेरे तो श्रीवल्लभ
प्रभुजीको नाम (टेक) समरो मन सदा सुखकारी दुष्कृत
कटे सुधरे सब काम ॥ हृदे वसे यशोदासुत हितकर
लीला सहित सकल सुखधाम ॥ रसिकन यह निर-
धार कीयो हे साधन त्यज भज आठोजाम ॥ जप-
तप ॥ २७ पोकारे ठाडो ही धर्मराज ॥

फांसी प्रभु धरोजु भंडारे भवन नहीं कछु काज ॥ पोकारे ॥ श्रीविट्ठल वल्लभजूके नंदन दशधा भक्ति प्रकाशी ॥ अधम उद्धार कीयो कलियुगमें कोउ न परे जम फांसी ॥ पोकारे ॥ घर घर भजन भागवतकी सेवा निशदीन हरि गुणगावे ॥ श्रीकृष्णनाम एही वचनकुं श्रीहरि आप सिखावे ॥ जहां जहां दूत जाय हे मेरो तांहां तांहां ते फेर पोछो आवे ॥ प्रवल प्रताप वढ्यो द्विजवरको कहु झांखन नहि पावे ॥ पोकारे ॥ आजुग मांहीं प्रगट होयके जो इनकुं नही जानें ॥ सूरकहे वे नरक निवासी अन्य भजनको आने ॥ पोकारे ॥ २८

सवतें श्रीवल्लभनाम नाम भलो ॥ लीजे लीजे लीजे नांतर कलिजुग करत छलो ॥ सवतें ॥ सदतीरथ एक सघन श्यामघन तीरथ वृथाही चलो ॥ श्री विट्ठल गिरिधरन कृपानिधी रिद्धि सिद्धि प्रवलो ॥ सवतें ॥ २९

ओर कोऊ समझे सो समझे हमकों इतनी समज भली ॥ ठाकुर नंदकिशोर

हमारे ठकुरानी वृषभानलली ॥ श्रीदामा आदि सखा
श्यामके श्यामासंग ललितादि अली ॥ व्रजपुरवास
शैल वन विहरत कुंजन कुंजन रंगरली ॥ इनके लाड
चाहु सुखसेवा भावबेल रस फलन फली ॥ कहि भ-
गवान हित रामराय प्रभु सबनतें इनकी कृपा बली
॥ ३० श्रीविट्ठलके चरण कमलपर सदारहे मन-
मेरो ॥ सीतल सुभग सदासुखदायक भवसागरको
बेरो ॥ रसना रटत रहो निसबासर प्रभुपावन यशतेरो
। सगुणदास इतनी मागतहों भृत्य भृत्यको चेरो ॥
३१ वृंदावन एक पलक जो रहिये ॥ जन्म ज-
न्मके पाप कटत हे कृष्ण कृष्ण मुख कहिये ॥ महा-
प्रसाद ओर जल यमुनाको तनक तनक भर लइये ॥
सूरदास वैकुंठ मधुपुरी भाग्यविना कहांतें पैये ॥ ३२
हु सेवुं श्रीगिरिधरन छबीलो श्रीमोहनलाल
रंगीलो श्याम ॥ ओर अनेक अवतार धरतहे वासों
नही मेरे कछू काम ॥१॥ पिता नंद जाके जननी ज-

सोदा वडो भैया जाको वलराम ॥ जाकी त्रिया वृप-
भाननंदनी श्रीराधाप्यारी वाकोनाम ॥ जाके गिरि-
गोवर्धन मथुरा नगरी व्रज वृंदावन श्रीगोकुल गाम
॥ मानिकचंदको एही कृपाफल नित्यप्रति दरसन
व्रजमें ठाम॥ ३३ भरोंसोश्रीवल्लभजीको भारी
। काहेकुरे मन भटकत डोलत जो चाहे फलकारी ॥
भरोंसो ॥ श्रीविठ्ठलगिरिधर सववालक जगत कीयो है
उद्धार ॥ पुरुपोत्तम प्रभु नाममंत्र दे । चरन कमल
शिरधारी ॥ भरोंसो ॥ ३४ भरोंसो दृढ इन
चरनन केरो ॥ श्रीवल्लभ नखचंद्र छटा विन सव जग-
मांझ अंधेरो ॥ भरोंसो ॥ साधन ओर नहिं या कलिमें
जासुं होत निवेरो ॥ सूर कहा कहे द्विविध आंधरो
विना मोलको चेरो ॥ भरोंसो॥ ३५ मन श्री
वल्लभ वल्लभ रटरे ॥ कलियुग जीवउद्धार कीये हे धर
द्विज रूप सुभटरे ॥ मन श्री ॥ मायावाद कीये प्रभु
खंडन । भक्ति मारग भूआठठरे ॥ पुरुपोत्तम प्रभुकी

छवी निरखत । इनकी चरन रज अटरे ॥ मन श्री ॥ २६ कलीमें प्रकट भयेजु कल्यान ॥ सकल असंगल दूर कीये हे । नासत तिमिर उदेभयो भान ॥ भये मनोरथ सव भक्तनके। पायो पद नीरवाण ॥ छीतस्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल । वारुं तन मन प्रान ॥ कलीमें ॥ २७ श्री विठ्ठलनाथ चंद उग्यो जगमें भक्त चांदनो फेल रहीरी ॥ श्रीवल्लभघर प्रगट भयेहे रस वरखत चहुंदीश सहीरी ॥ मायावाद कीये प्रभु खंडन शुकमुनी व्यास परम सुख पाई ॥ छीत-स्वामी गिरिधरन श्रीविठ्ठल नीत्य नीत्य लीला होत नईरी ॥ श्रीविठ्ठलनाथ ॥ २८ जेजन श्रीगो-कुल गुन गावे ॥ श्रीगिरिधर जीय वसत निरंतर मन वांछित्त फल पावे ॥ जेजन ॥ श्रीवल्लभ पद पद्म म-हाफल दरस हीयो हुलसावे ॥ व्रजपति व्रजरस रास रसिकके लीलामें चितलावे ॥ जेजन ॥ २९ श्रीपति दुखित भक्त अपराधे ॥ जो भक्तनको द्रोह-

करत हे सकल सिद्धहीते मोही आराधे ॥ श्रीपति॥ सवसुनो वैकुंठके वासी सत्य कहुं मन पावत खेद ॥ तीनपर कृपा करुं केसीविध पायकु पूजे कंठकु छेद॥ श्रीपति ॥ भक्तसुं वेर भाव मोहीते मेरो नाम निरंतर लेहे ॥ सूरदास भगवंत वदत हे ॥ मोहे भजे पण जमपुर जेहें ॥ श्रीपति ॥ ४०

देखरी एक अद्भुत रूप॥ एक अंबुज मध्य देखियत वीस दधीसुत युथ॥ देखरी॥ एक अवली दोउ जलचर उभय अरक अनुप॥ पाच वारिज ढीग शोभत कहो कोन स्वरूप ॥ देखरी ॥ शिशुगतमें भई शोभा देखो चित्त विचार ॥ सूर श्रीगोपालकी छब राखीए उरधार ॥ देखरी ॥ ४१

हरिके जनकी अति ठकुराई॥ देवराज ऋषिराज महामुनी देखत रहे लजाई ॥ दृढ विश्वास कीयो सिंहासन तापर बेठे भूप ॥ हरि गुण विमल छत्रसीर राजत शोभा परम अनूप॥ निस्पृहा देशको ज करे ताको लोक परम उछाहा ॥ कामक्रोध मद

लोभ मोह त्यां भये चोरते शाहा ॥ वने विवेक वि-
चित्र पोरीया ओसर कोउ न पावे ॥ अरथ कामत्यां
रहत दूर दूर मोक्ष धर्म शिरनावे ॥ अष्टसिद्धि नवनिधी
डारे ठाडे कर जोरे उरलीनी ॥ छडीदार वैराग्य वि-
नोदी झटकी बाहर कीनी ॥ हरिपदपंकज प्रेम परम
रुची ताहीसो रंग राते ॥ मंत्री ज्ञान ओसर नहीं पावत
करत वात सकुचाते ॥ माया खल व्यापे नहीं कबहु
जो या रीते जाने ॥ सूरदास यह नरतन पायो गुरु
प्रसाद पेहेचाने ॥ ४२ विराजे श्रीवल्लभ महा-
राज श्रीगोकुल गाम ॥ विराजे श्रीगोपीनाथ श्रीवि-
ठ्ठल भक्तजन पूरण काम ॥ श्रीगिरिधर गोविंद श्री-
बालकृष्ण गोकुलनाथ अभिराम ॥ श्रीरघुपति यदु-
पति घनसामल पुरुपोत्तम प्रभु नाम ॥ ४३
व्रजमें श्रीविठ्ठलनाथ विराजे ॥ जीनको परम मनोहर
श्रीमुख देखतही अघ भाजे ॥ जीनके पद प्रतापतें
निवहे सेवक जन सब गाजे ॥ छीतस्वामी

श्रीविठ्ठल प्रकटे भक्त हित काजे ॥ ४४ चरण शरण व्रजराज कुंवरके॥ हम विधि अविधि कछू नाहीं समजत रहत भरोंसे श्रीमुरलीधरके ॥ रहत आशरे व्रजमंडलमें भुजा छांह श्रीगिरिवरधरके ॥ प्रभु मुकुंद माधो सुखदाई हाथ विकाने श्रीराधावरके॥ ४५

श्रीवल्लभ वरनुं कहा वडाई ॥ जाके रोम रोम प्रति प्रकटित कोटी गोवर्धनराई ॥ वाके युथभये न्यारे न्यारे वरनत वरन न जाई॥ रामदास कमलासी दासी सो घर छांड वसाई ॥४६

गुरुजी विन एसी कोन· करे ॥ माला तिलक मनोहर वानो शीरपर छत्र धरे ॥ भवसागरतें बूडत राखे दीपक जोत जरे ॥ सूर· दास एसे गुरु समरथ चाहे सोई करे ॥ ४७

सुखमें गोविंद कोन संभारे ॥ अपनी मोह मायाके कारण चलत पंथनही हारे ॥ एक तनके पोषणके कारण कोटिक जीवको मारे ॥ भूमी पड्यो तव शो· चन लाग्यो गद गद कंठ अतीभारे ॥ सूरदास जम-

दूतने घेर्यो निकसत जीव हठ हारे ॥४८ ज-
नम सब बातन बीतगयो ॥ दसबरस खेल्यो लरकाई
पीछे कामनी मोहरह्यो ॥ त्रीस भयो मायाके पीछे
देशविदेश छयो ॥ चालीस बरसमें राज्यजु पाये उप-
जत लोभ लह्यो ॥ सूकी त्वचा कमर भये टेडे ए सब
ठाठभयो ॥ लरिका वहु कह्यो नही माने बुढ्ढो शठजु
